हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 4 मई 2025

तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री



शनिवार की दोपहर धूल भरी आंधी ने सभी को किया परेशान।



## खबर संक्षेप

### वेंकटेश परिसर में मरीजों का निःशुल्क इलाज आज

**बिलासपुर**। सरकंडा सुभाष चौक स्थित वेंकटेश परिसर में रविवार 4 मई को मरीजों का निःशुल्क इलाज एवं दवा वितरण किया जाएगा। पूर्व सीएमओ डॉ. राजेश शुक्ला, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. संतोष अग्रवाल, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. निकिता जायसवाल, सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक मरीजों को निशुल्क परामर्श देंगे।

### समाधान शिविर 5 को जयराम नगर व बरतोरी में

**बिलासपुर**। शिविर की पहली कड़ी 5 मई को बरतोरी एवं जयराम नगर में होगी। सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण की जानकारी देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 42 समाधान शिविर लगेंगे। ये शिविर 5 मई से लेकर 31 मई तक चिन्हित गांवों के स्कूलों में लगाए जाएंगे।

# सर्पदंश से मौत पर मुआवजे का मामला, डेढ़ माह से जांच अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ का नागलोक कहे जाने वाले जशपुर जिले से भी ज्यादा मौतें बिलासपुर में बताकर सरकारी मुआवजा लेने का खेल सामने आ चुका है। पिछले 3 साल के दौरान 431 लोगों को सांप काटने एवज में मुआवजा मिल चुका है। विधानसभा में मामला उठने के बाद डेढ़ माह बीत चुके हैं, लेकिन अभी भी घोटालेबाजों से परदा नहीं उठा है। मामले में कमिश्नर ने जांच टीम का गठन कर दिया है। यह बात सामने आ रही है कि सर्दी, खांसी की वजह से भर्ती मरीजों का मुआवजा के लिए फर्जी प्रकरण तैयार कर सरकार को चूना लगाया गया है। बिलासपुर के सिम्स, स्वास्थ्य और राजस्व विभाग के अधिकारियों की नाक के नीचे मुआवजे में बड़ी बंदरबांट की गई है।

विधानसभा में सर्पदंश से मौतों पर मुआवजे में बंदरबांट की सच्चाई सामने नहीं आ सकी है। मुआवजा प्रकरणों में 5 से 6 लोगों की मृत्यु एक ही तारीख में होने की बात सामने आई है, वहीं जिन मरीजों को सर्दी, खांसी जैसी मामूली बीमारी थी, उन्हें भी फर्जी तरीके से सांप काटने का प्रकरण बनाकर मुआवजा दिलाया गया है। जानकारों के अनुसार बिलासपुर जिले में विषैले सांपों की प्रजाति नहीं के बराबर है, जबकि कोटा, मस्तूरी और बिलासपुर के शहरी क्षेत्रों में सांप काटने पर मुआवजा दिया गया है। विधानसभा में बेलतरा क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ल ने यह मामला उठाया , तब यह मामला सामने आया। इसके बाद बिलासपुर कमिश्नर ने अपर कमिश्नर की अध्यक्षता में टीम का गठन किया है, जिसमें जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग के जेडी और कोष लेखा व पेंशन के उपसंचालक को सदस्य बनाया गया है। टीम को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट देनी थी, लेकिन यह अवधि बीत चुकी है। अब कमिश्नर ने एक बार फिर अधिकारियों को जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है।



**सालों से चल रहा खेल**

- संदेह के दायरे में सिम्स के डाक्टर और पुलिस के अधिकारी
- शासकीय राशि की हो चुकी है बंदरबांट

### सिम्स के डाक्टर और स्टाफ की भूमिका

बिलासपुर में साल 2022 से 2024 के बीच 431 लोगों को सांप काटने और मौत के बाद 17 करोड़ 24 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। सिम्स में सर्वाधिक पीएम कराए गए हैं, इससे सिम्स के डाक्टर और स्टाफ की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है। बताया जा रहा है कि सिम्स के फार्मेकोलॉजी, पैथोलॉजी , फोरेंसिक मेडिसिन, पुलिस चौकी के साथ ही कुछ लोगों द्वारा फर्जी सर्पदंश का प्रकरण तैयार करने में सहयोग किया गया है, लेकिन प्रबंधन को उनके विरूद्ध अब तक जांच में कुछ नहीं मिल सका है।

### फोरेंसिक जांच तक नहीं की गई

मुआवजे के खेल में सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि जिन डाक्टारों ने सर्पदंश के मामले में पीएम किया है, उन डाक्टरों ने कभी भी प्रकरण पर फोरेंसिंक व बिसरा जांच नहीं कराई है, जबकि अप्राकृतिक मौत के मामले में यह रिपोर्ट अनिवार्य है, इसके बाजवूद राजस्व अधिकारियों ने मुआवजा देने में देरी नहीं की है।

### 90 फीसदी पीएम में एक ही डाक्टर के हस्ताक्षर

खास बात यह है कि सिम्स में होने वाले 90 फीसदी पोस्टमार्टम में एक ही डाक्टर के हस्ताक्षर पीएम रिपोर्ट में मिलते हैं। ऐसे में इस बात की पूरी संभावना है कि सर्पदंश के मामले में बड़ा फर्जीवाडा को अंजाम दिया गया है। वहीं इस डाक्टर पर अंबिकापुर में नियुक्ति के दौरान रूपए लेकर पीएम रिपोर्ट देने के मामले में पहले भी कार्रवाई हो चुकी है।

### इन अधिकारियों की संलिप्ता की होगी जांच

जांच टीम द्वारा सिम्स के कार्यरत डॉ एसएन गोले, डॉ राजकुमार मरकाम, डॉ संजय बंजारे की संलिप्ता की जांच की जाएगी। वहीं अवैध तरीके से सिम्स में दलाली करने वाले शक्ति बघेल व सिम्स चौकी प्रभारी एम के सोनवानी के बीच सांठगांठ की जांच टीम द्वारा की जानी है। तत्कालीन डीन केके सहारे, डॉ एसके नायक, डॉ रश्मि गुप्ता, डॉ रविकांत दास द्वारा पीएम करने वाले डाक्टर को किए गए सहयोग के विषय की जांच की जाएगी।

#### जांच का पत्र नहीं मिला

सर्पदंश के मामले में अब शरीर के हिस्से की चमड़ी फारेंसिंग जांच के लिए भेजनी होगी। ज्यादातर पीएम के लिए एक या दो ही डाक्टर रखे जाते हैं, स्वाभाविक है कि उनकी ही रिपोर्ट होंगी। शासन की ओर से जांच के लिए पत्र नहीं मिला है, फिर भी हमने अपनी ओर से कुछ जांच की और कलेक्टर को भेजी थी।

- **डॉ. रमणेश मूर्ति**, डीन सिम्स

#### हमने दस्तावेज सौंपे

यह मामला सीधे-सीधे मुआवजा रैकेट से जुड़ा हुआ है, जिसके चलते सरकारी पैसे की बंदरबांट की गई है। स्वास्थ्य मंत्री से बात की गई है। हमने अपने दस्तावेज सौंपे हैं। मांग है कि सचिव स्तर के अधिकारी पूरे मामले की जांच करें।

- **सुशांत शुक्ला**, विधायक, बेलतरा

#### जांच की जा रही है

सर्पदंश में 431 लोगों को फर्जी मुआवजा बांटने का मामला संदिग्ध है। मामलों की जांच करने के लिए टीम बनाई गई है। टीम अपना काम कर रही है, जल्द ही इस मामले में स्थिति स्पष्ट होगी।

- **सुनील जैन**, कमिश्नर, बिलासपुर

## 80 किमी की रफ्तार से चली हवा, बिजली के खंबे उखड़े, 10 घंटे अंधेरे में रहा शहर



लिंक रोड स्थित बिलासा कन्या महाविद्यालय के पास टूटा पेड़।





तेज आंधी से टूटा जिला अस्पताल के गेट पर लगा बोर्ड।

# आंधी ने मचाया तांडव, शहर में ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिवार की दोपहर तीन बजे के आसपास 20 मिनट के अंदर शहरी क्षेत्र में 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने लगी, इससे बड़े-बड़े पेड़ भी धराशायी हो गए। आंधी के चलते पूरे जिले की बिजली व्यवस्था चौपट हो गई। इस दौरान बिजली के पोल, खंबे उखड़ गए और 33 केवी व 11 केवी लाइन के तार टूटकर जमीन पर गिर गए, आधी रात तक 33 में से 7 फीडर की बिजली सुधारी जा सकी। पूरा शहर 10 से अधिक घंटे तक अंधेरे में रहा।

पिछले कुछ दिनों से मौसम में उतार चढ़ाव लगातार जारी है, शनिवार की सुबह से तेज धूप निकली और तापमान तेजी से बढ़ा, परन्तु दोपहर 3 बजे के बाद अचानक आसमान पर काले घने बादल छा गए और 80 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चलने लगी। इस दौरान पूरे शहर में अफरा तफरी का माहौल रहा, आंधी चलते ही बिजली व्यवस्था चौपट हो गई। आंधी के बाद गरज चमक के साथ करीब एक घंटे तक बारिश होती रही, हवाओं की रफ्तार धीमी होने के बाद बिजली विभाग की टीम 5 बजे के बाद हरकत में आई। तब तक शहर के ज्यादातर इलाकों में पेड़ गिरने, डंगालों के तारों पर उलझने के कारण शहर और आसपास के इलाके में ब्लैक आउट रहा। बिजली अधिकारी बड़ी मशक्कत कर शहर के एक तिहाई इलाकों में ही बिजली सप्लाई कर पाए और रात 12 बजे तक हजारों घरों में अंधेरा छाया रहा।

### कांग्रेस ने किया प्रदर्शन का एलान

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी और शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने बिजली की लचर व्यवस्था को देखते हुए प्रदर्शन करने का एलान किया है। विजय केशरवानी ने कहा कि बिजली विभाग ठेकेदारों के भरोसे चल रही है, अधिकारी कार्यालय के चेंबर से बाहर नहीं निकल रहे हैं, जिसके चलते उपभोक्ताओं को बिजली की खराब व्यवस्था झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि शनिवार की शाम को आई अंधड़ के बाद शहर के कई इलाकों में 8 से 10 घंटे तक बिजली नहीं पहुंच सकी। विभाग के पास काम करने के लिए कर्मचारी तक नहीं है ऐसे में प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में अंतर दिखने लगा है। बिलासपुर को स्मार्ट सिटी बनाने के बजाए ग्रामीण क्षेत्र में तब्दील करने की नियत से काम चलाऊ रवैया अपनाया जा रहा है।



### जनता को राहत पहुंचाने सड़क पर उतरे विधायक सुशांत

अंधड़ बारिश में जनता को राहत पहुंचाने बेलतरा विधायक सड़क पर उतरे। उन्होंने लोगों को राहत दिलाने नगर निगम और बिजली विभाग को तलब किया।

आज शाम तेज हवा और बारिश के कारण जगह-जगह पेड़ उखड़ गए, उनकी टहनियां टूटकर बिजली खंभों और तारों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसके कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई और आवागमन बाधित रहा। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने नगर निगम व बिजली विभाग को तलब कर बिजली और आवागमन की व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुट गए। इस दौरान बेलतरा विधायक ने राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, वसंत विहार, सोनगंगा कालोनी सहित क्षेत्र विभिन्न वार्डों का मुआयना किया।

### यहां गिरे पड़े और बिजली खंबे

रेलवे क्षेत्र के 100 साल से अधिक पुराने पेड़ भी गिर गए। देवकी नंदन चौक, सीएमडी कालेज के पास बैनर पोस्टर फटकर बिजली के खंबे से उलझे रहे। वहीं जीडीसी कालेज रोड, कलेक्टर बंगला, जेल क्वाटर्स, पीएचई कार्यालय, गुरूतेग बहादुर चौक, तोखन साहू के बंगले, विद्या नगर, बुधवारी बाजार, अशोक नगर, प्रेस क्लब, मंगला, हेमू नगर जैसे इलाकों में पेड़ के डंगाल गिरने के कारण बिजली बाधित रही। इसके साथ ही जबड़ापारा में दो खंबे उखड़ गए।

### ठेकेदारों के भरोसे बिजली व्यवस्था

शहर की बिजली व्यवस्था ठेकेदारों के भरोसे हैं, इन ठेकेदारों के पास न तो कोई संसाधन हैं और न ही सुधार कार्य करने वाले कर्मचारी, मौसम बदलते ही व्यवस्था चरमरा जाती है और 8-8 घंटे तक सुधार कार्य नहीं हो पाता। शनिवार को भी बिजली गुल हुई और 2 घंटे के बाद उपभोक्ताओं के सब्र का बांध टूट गया और फ्यूज काल के फोन घनघनाने लगे, आपरेटरों ने 2 घंटे तक लोगों को बिजली बंद होने की जानकारी दी, लेकिन जब कई घंटों तक बिजली सप्लाई नार्मल होने की उम्मीद नहीं नजर आई, जिसके बाद आपरेटरों ने भी फ्यूज कॉल में जवाब देना बंद कर दिया। इससे उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा।

# गलत सिग्नल मिला, गेवरा जाने वाली लोकल पहुँच गई कुसमुंडा साइडिंग

**बिलासपुर**। शनिवार को गलत सिग्नल के कारण गेवरा स्टेशन जाने वाली बिलासपुर-गेवरा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कम लोकल कुसमुंडा साइडिंग पहुंच गई। जानकारी मिलते ही बिलासपुर डिवीजन के अधिकारियों ने तत्काल कुसमुंडा और कोरबा स्टेशन के स्टेशन मास्टर को सस्पेंड करने का आर्डर जारी किया है।

बिलासपुर से रायपुर, नागपुर होते हुए अमृतसर तक चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस प्रतिदिन सुबह बिलासपुर-गेवरारोड लोकल बनकर सुबह बिलासपुर स्टेशन से 7.30 बजे रवाना की जाती है। यही ट्रेन गेवरा से वापस छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस बनकर बिलासपुर और अमृतसर के लिए दोपहर 2 बजकर 20 मिनट पर निकलती है। शनिवार की सुबह यह लोकल स्टेशन से रवाना की गई थी। लोकल ट्रेन शनिवार को अपने समय के अनुसार कोरबा स्टेशन पहुंची थी। स्टेशन में स्टापेज के कुछ देर बाद गेवरारोड स्टेशन के लिए रवाना कर दी गई। यह लोकल ट्रेन गेवरा रेलवे स्टेशन जाने के बजाय एसईसीएल कुसमुंडा की न्यू रेलवे साइडिंग पहुंच गई, जो कोल लोडिंग पाइंट के दायरे में आता है। इस ट्रेन में बड़ी संख्या में यात्री भी सफर कर रहे थे। अचानक गेवरा स्टेशन के बजाय कुसमुंडा साइडिंग में ट्रेन के पहुंचते ही यात्रियों में हड़कंप मच गया। चालक भी ट्रेन का रूट अचानक चेंज होने पर आश्चर्यचकित हो गए। इसकी जानकारी गेवरा रोड रेलवे स्टेशन और कुसमुंडा रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर से लेने का प्रयास किया। गेवरा रेलवे स्टेशन में मौजूद स्टाफ ने सिग्नल की तकनीकी त्रुटि की वजह से इस तरह की घटना होने की जानकारी दी। इसकी जानकारी मिलते ही बिलासपुर जोनल हेड क्वार्टर और डिवीजन कार्यालय में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने पूरी जानकारी लेने के बाद कुसमुंडा के स्टेशन मास्टर जितेश दास और कोरबा रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर एके जायसवाल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर जांच शुरु कर दी है।



### किया गया सस्पेंड

गलत लाइन पर ट्रेन को ले जाने के मामले में जांच शुरु कर दी गई है। जांच चलने तक कुसमुंडा और कोरबा के स्टेशन मास्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। जांच की रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- **अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# ओएचई ब्रेकडाउन से घंटों थमे रहे तिरूपति और इंटरसिटी के पहिए

**बिलासपुर**। आंधी-तूफान के कारण स्टेशन का शेड उखड़ने के साथ ओएचई ब्रेक डाउन के कारण बिलासपुर से रायपुर और बिलासपुर से कटनी सेक्शन के साथ कोचिंग डिपो में आने-जाने वाली गाड़ियों के पहिए घंटो थमे रहे।

शनिवार की दोपहर अचानक आई आंधी-तूफान से रेलवे स्टेशन और रेलवे एरिया पूरा अस्त व्यस्त हो गया। तेज हवा की वजह से बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर चार कटनी छोर तरफ, प्लेटफार्म नम्बर एक हावड़ा एंड और प्लेटफार्म नम्बर 5 एवं दो-तीन में लगे शेड उखड़कर दूर फेंका गए। इस दौरान प्लेटफार्म नम्बर 3 को छोड़कर अन्य प्लेटफार्म खाली-खाली था, जिसकी वजह से शेड गिरने से बहुत बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। इस आंधी तूफान का असर ट्रेनों के परिचालन में भी हुआ। दोपहर 3 बजे आंधी तूफान और तेज हवा के चलते बिलासपुर रेलवे स्टेशन यार्ड में ओएचई ब्रेक डाउन हो गया। इसकी वजह से बिलासपुर से रायपुर और बिलासपुर से कटनी सेक्शन के साथ स्टेशन से कोचिंग डिपो की ओर आने-जाने वाली गाड़ियों का परिचालन अचानक ठप पड़ गया। सिग्नल नहीं मिलने से यात्री गाड़ी के साथ मालगाड़ी भी अन्यत्र स्थान पर खड़ी रही। सूचना मिलते ही ओएचई विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तत्काल बिलासपुर रेलवे यार्ड पहुंचे और ओएचई को सुधार कार्य शुरु किया। ओएचई ब्रेक डाउन होने के कारण स्टेशन से रवाना होने वाली बिलासपुर-इतवारी इंटरसिटी और बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस भी स्टेशन प्लेटफार्म पर घंटो खड़ी रही। करीब एक से डेढ़ घंटे तक कार्य चलने के बाद ओएचई व्यवस्थित करने के उपरांत मालगाड़ी के साथ ट्रेनों को रवाना किया गया। इस दौरान बिलासपुर से तिरुपति के ओर रवाना होने वाली एक्सप्रेस को रवाना करने के बाद बिलासपुर से इतवारी जाने वाली इंटरसिटी को रवाना करने के कारण यात्री भी घंटों हलाकान होते रहे।

- आंधी में शेड उखड़ने के साथ यार्ड में टूटा तार

### चकरभाठा में टला बड़ा हादसा



बिलासपुर रेलवे स्टेशन के साथ सबसे अधिक नुकसान चकरभाठा रेलवे स्टेशन में हुआ। पैसेंजर हाल्ट चकरभाठा में यात्रियों के लिए एक तो एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन नहीं किया जाता है। पैसेंजर और लोकल ट्रेन में यहां के लोगों को सफर करना मजबूरी है। रेलवे के अनुसार यात्रियों के हिसाब से यहां गाइड लाइन से अधिक सुविधा प्रदान की गई है। इसके मुताबिक रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म पर 30 से 50 मीटर की दूरी तक शेड भी लगाया गया है, ताकि यात्री बारिश और धूप से बच सके। स्टेशन में इस तरह शेड को लगाया है कि शनिवार को आंधी तूफान से वह उखड़कर दूर तक फेंका गया। इस दौरान बारिश भी हो रही थी, जिसकी वजह से मौके पर यात्रियों के नहीं होने से बड़ा हादसा होने से बच गया।

### नर्मदा एक्सप्रेस पर गिरा पेड़

जोनल रेलवे स्टेशन में शनिवार की दोपहर इंदौर से बिलासपुर आने वाली नर्मदा एक्सप्रेस प्लेटफार्म नम्बर आठ पर आकर खड़ी हुई थी। कोच से यात्रियों के उतरने के बाद सफाई और मेंटनेंस के लिए ट्रेन को कोचिंग डिपो में लेकर जाना था, लेकिन अचानक आंधी तूफान के कारण ट्रेन को प्लेटफार्म पर ही रोक दिया गया। इस दौरान आंधी तूफान के कारण स्टेशन प्लेटफार्म का शेड उड़ने के साथ पेड़ की डंगाल नर्मदा एक्सप्रेस के ऊपर आकर गिर गई। इसकी वजह से कोच के ऊपर का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### छः महीना / एक वर्षीय / द्विवर्षीय सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 10 वीं 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रम सत्र (2025-26) में प्रवेश, एवं सर्टिफिकेट हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठयक्रम एवं कुल सीटे)***

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** **1.** आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) **2.** चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। **3.** केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। **4.** 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। **5.** किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/05/2025 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 10/06/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

**प्रति,**
**संचालक**
**शाखा प्रबंधक केंद्र क्रमांक 86549**
**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**
**पिनकोड- 492013**

महोदय______________________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।

आवेदक का नाम______________________

पिता/पति______________________ जन्म तिथि______________________

वर्ग अनुज जाति______________अनु जाति______________ अन्य पि. वर्ग______________

सामान्य______________पत्र व्यवहार का पता______________________

______________________ पिन कोड______________

मो. नं.______________________बाट्सअप नं______________________

पालक का मो. न______________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग______________________

में प्राप्त अंक______________ कुल प्रतिशत______________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.______________

हस्ताक्षकर______________________ पालक का हस्ताक्षर______________________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**


जिला उद्योग संघ, बिलासपुर
शपथ ग्रहण समारोह
1975
जिला उद्योग संघ
बिलासपुर, (छ.ग.)
मुख्य अतिथि
श्री अमर अग्रवाल जी
विधायक, बिलासपुर
शपथ ग्रहण अधिकारी
श्री हरीश केडिया जी
अध्यक्ष, छ.ग. लघु एवं सहायक उद्योग संघ
कार्यक्रम अध्यक्ष
श्री धरमलाल कौशिक जी
विधायक बिल्हा, बिलासपुर
दिनांक : 4 मई 2025, रविवार
समय : रात्रि 7.30 बजे
स्थान : 'उद्योग भवन' सी.एम.डी.चौक, बिलासपुर
जिला उद्योग संघ नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी
SATISH SHAH
PRESIDENT
SHARAD SAXENA
GENERAL SECRATERY
RAM SUKHIJA
TREASURER
NAVNEET AGRAWAL
VICE PRESIDENT
SHIV KUMAR AGRAWAL
VICE PRESIDENT
N.S. RAJU
VICE PRESIDENT
P S BHATIA
VICE PRESIDENT
SUBHASH AGRAWAL
VICE PRESIDENT
MAHESH SULTANIA
VICE PRESIDENT
SUNIL SULTANIA
VICE PRESIDENT
ASHOK AGRAWAL
SECRETARY
YOGESH GUPTA
SECRETARY
NARESH SINGHANIA
SECRETARY
K C BHARDWAJ
SECRETARY
DHARMENDRA PATEL
SECRETARY
MANISH KASHYAP
SECRETARY
VISHNU MURARKA
SECRETARY
DINESH SHARMA
SECRETARY
SHANKAR MANCHANDA
SECRETARY
PURAN LAL SIDARA
SECRETARY
KISHORE PATEL
SECRETARY
PRAKASH TRIVEDI
SECRETARY
MUKESH LALCHANDANI
SECRETARY
विनीत
अध्यक्ष सतीश शाह, महासचिव शरद सक्सेना
|| आप सभी सादर आमंत्रित है ||

बिलासपुर, रविवार 4 मई 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



एग्जाम

## पहली बार नीट की परीक्षा शहर के 21 शासकीय केन्द्रों में होगी आज



**बिलासपुर।** नीट की परीक्षा 4 मई को बिलासपुर सहित देश के कई शहरों में आयोजित की जा रही है। इस बार एनटीए द्वारा एग्जाम में कई बड़े बदलाव किए गए हैं। परीक्षा का आयोजन हर वर्ष प्राइवेट स्कूल व कालेजों में किया जाता था, लेकिन पहली बार शहर के 21 शासकीय केन्द्रों में होगी। इस बार अहम बदलाव करते हुए छात्रों को परीक्षा के 2 घंटे पूर्व सेंटरों में पहुंचने का निर्देश दिया गया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा सेंटर में सुबह 11 बजे प्रवेश शुरु होगा। दोपहर 1:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं मिलेगा। मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए नीट के एग्जाम हर वर्ष लिए जाते हैं, जिसमें पूरे देश से हजारों की संख्या में अभ्यिार्थी भाग लेते हैं। इस बार उक्त परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने कई ठोस निर्णय लिए गए हैं। केंद्र सरकार की एजेंसी एनटीए द्वारा परीक्षा का आयोजन किया जाता है। एनटीए की गाइडलाइन और एसओपी की अक्षरशः पालन किया जा रहा है। बिलासपुर के 21 केंद्रों में 4 मई की परीक्षा में 7 हजार 544 परीक्षार्थी शामिल होंगे। मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश इसी परीक्षा के मेरिट के आधार पर तय होती है।

### ये सामान नहीं ले जा सकेंगे परीक्षार्थी

परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी स्टेशनरी सामग्री जैसे टेक्स्ट मटेरियल, पेपर का टुकड़ा, ज्योमेट्री, पेन, पेंसिल बॉक्स, राइटिंग पैड, पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन, स्कैनर नहीं ले जा सकेंगे। कम्युनिकेशन डिवाइस जैसे मोबाइल, फोन, ब्ल्यू टूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड नहीं ले जा सकेंगे। अन्य सामग्री जैसे वॉलेट, गॉगल्स, हैंडबैग्स, बेल्ट कैप, घड़ी, कलाई घड़ी, कैमरा, आभूषण, मेटैलिक आइटम, खाद्य सामग्री खुले या पैक्ड, पानी की बॉटल भी प्रतिबंधित है। इसके अलावा माइक्रोचिप, कैमरा और ब्लूटूथ भी प्रतिबंधित है।

## बच्चों को कराया एरोबिक एक्सरसाइज

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ओम शांति सरोवर उसलापुर के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का उदघाटन अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसमें बच्चों को गायत्री मंत्र का उच्चारण कर ओम ध्वनि व एरोबिक एक्सरसाइज कराया गया। बीके अनामिका बहन ने योगा, प्राणायाम, सूक्ष्म आसन, अनुलोम-विलोम, कपाल भाती, ब्राह्मरी प्राणायाम सिखाया। खो-खो, बैलून गेम एवं क्रिएटिव मेडिटेशन भी कराया गया।

**बिलासपुर।** मुख्य अतिथि रवि मेहर अध्यक्ष भाजपा मंडल ने अपने आशीर्वचन कहा कि शिविर में सिखाए जाने वाले मोरल वैल्यूज़ बच्चों के जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाएगा। उनके जीवन को सही दिशा देगा। सेवा केन्द्र उसलापुर की मुख्य संचालिका,बीके छाया दीदी ने कहा कि बच्चे तो नैचुरल, सुंदर होते है। बच्चों को आर्टिफिशियल मेकअप की जरूरत नहीं होती है। इससे स्कीन जल्दी खराब होती है, इसलिए बच्चे मेकअप करने से बचे। वहीं नाश्ते में कुरकुरे, चिप्स न खाकर फ्रूट्स या हेल्दीफूड लेना चाहिए। उन्होंने बच्चों को एकाग्रता बढ़ाने सकारातमक सोचने की विधि सिखाई। आत्मा के ज्ञान का स्पष्टीकरण भी दिया। मेडिटेशन करा आत्म अनुभूति कराई। बीके खुशी बहन ने सरस्वती वंदना-हे शारदे मां...की प्रस्तुति दी। इस मौके पर परमेश्वर् सिंह ठाकुर एसडीआरएफ ट्रेनर, राजकुमारी बिरगो सीनियर टीचर, विजय साहू लैब टीचर सहित बच्चे भारी संख्या में उपस्थित थे।



### अनुशासन सफलता की सीढ़ी

बीके विनोद भाई ने कहा कि अनुशासन सफलता की सीढ़ी है। अनुशासन का अर्थ है, उन नियमों व मर्यादायों के अनुसार स्वयं को चलाना जो सभी के लिए आवश्यक है। एक नदी जब किनारों से बंध कर चलती है तो जल देकर सब को सुख पहुंचाती है लेकिन जब यही नदी किनारों को तोड़ देती है तो बाढ़ ले आती है। उन्होंने अनुशासन का लाभ बताया और कहा कि अनुशासन से दिनचर्या सहज हो जाती है। खुशी मिलती है। उन्नति होती है। व्यवहार सुधर जाता है। धन और समय बचता है। आलस समाप्त होता है।

ओम शांति सरोवर में बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ

### लक्ष्य तक पहुंचने धैर्य आवश्यक

बीके गरिमा बहन ने कहा कि किसी कार्य के परिणाम के लिए जल्दबाजी न करें। शांति पूर्वक इंतजार करें। जीवन में कुछ भी प्राप्त करने, लक्ष्य तक पहुंचने के लिए धैर्य आवश्यक है। धैर्य के बहुत से फायदे हैं। इससे सहन शक्ति आती है। कार्य में सफलता मिलती है। समय बचता है। संबंध मधुर होते है। तनाव से मुक्त होते है। धीरज का देर से ही सही लेकिन मीठा परिणाम होता है। बड़े हम पर विश्वास करने लगते हैं।

बालक-बालिका खिलाड़ियों का चयन, प्रदेश का करेंगे प्रतिनिधित्व



## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लेने मलखंभ टीम बिहार रवाना

**बिलासपुर।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मलखंभ को भी शामिल किया गया है, जिसमें शामिल होने के लिए प्रदेश की बालक-बालिका टीम रवाना हो गई है। 4 से 15 मई तक बिहार में सातवीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मलखंभ को शामिल किया गया है। मलखंभ के लिए दूसरे प्रदेश के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम भी हिस्सा लेगी, जिसके लिए बालक-बालिका खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

उक्त प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल 17 अप्रैल को कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी में किया गया था, जिसमें उत्कृष्ट खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। इन खिलाड़ियों के बालिका वर्ग में मोनिका पोटाई, दुर्गेश्वरी कुमेटी, अनिता गोटा, सरिता पोयम, शिक्षा दिनकर, डिम्पी सिंह, पुरुष वर्ग में राकेश कुमार बढ़दा, मानु ध्रुव, मंगडू पोडियाम, राजेश कोर्राम, मोनू नेताम, आयुष सिंह सिदार, टीम के अधिकारी कोच पुष्कर दिनकर, प्रबंधक पूनम प्रसाद, तकनीकी अधिकारी मनोज प्रसाद, प्रशिक्षक डॉ.राजकुमार शर्मा है। छत्तीसगढ़ की टीम शनिवार की सुबह बोधगया बिहार के लिए रवाना हो गई है।

जागरूकता

## पुराने वाहन विक्रय करने वाले वाहन मालिक विक्रय करते ही कराएं नाम हस्तांतरण



**बिलासपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा सड़क मार्ग में व्यवधान करने वाले उल्लंघन कर्ताओं पर सख्त एवं कठोर कार्रवाई नियमित रूप से की जा रही है। एसएसपी श्री सिंह ने बताया कि वाहन मालिकों द्वारा पुरानी हो रही गाड़ियों को विक्रय कर नई गाड़ी खरीदने के फिराक में अपनी पुरानी गाड़ियों को बेच दी जा जाती है। समय पर वाहन मालिक द्वारा नए वाहन मालिकों के नाम पर नाम ट्रांसफर नहीं की जा रही है। ऐसी स्थिति में बिना नाम ट्रांसफर के नए वाहन चालक या मालिक द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर चलानी शुल्क नोटिस पुराने वाहन मालिक के पास उसके पते पर भेजा जा रहा है। जिसकी शिकायत पुराने वाहन चालक द्वारा थाना यातायात में की जाती है। जिले में न सिर्फ ऐसे वाहन चालकों के द्वारा वाहन विक्रय किया जा रहा है अपितु कई एजेंसियों द्वारा भी पुराने वाहनों की खरीद बिक्री के नाम पर वाहन एजेंसी खोलकर रखी गई है जिनके द्वारा पुरानी गाड़ियों के विक्रय करते हुए समय पर नाम ट्रांसफर नहीं किया जाता। नाम ट्रांसफर नहीं होने के कारण नए वाहन मालिकों द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर पुराने वाहन मालिक के घर चालानी नोटिस भेजा जाता है। जिससे न सिर्फ नए वाहन मालिक को यातायात नियमों की उल्लंघन पर विभिन्न प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ता है, अपितु पुराने वाहन मालिक को यातायात नियमों की उल्लंघन करने विभिन्न प्रकार के प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ता है।

चलान राशि जमा नहीं करने वाले वाहन चालकों के वाहन होंगे जब्त, लाइसेंस रद्द

## पीताम्बरा पीठ में बगलामुखी प्राकट्य महोत्सव कल

श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकण्डा में बगलामुखी प्राकट्य महोत्सव के पावन पर्व पर धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन 5 मई को किया जाएगा। इस दिन मां श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी की विशेष पूजन, श्रृंगार कर अन्य धार्मिक आयोजन किए जाएंगे।



देवी की पूजन, श्रृंगार कर किए जाएंगे विविध धार्मिक अनुष्ठान

**बिलासपुर।** पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि महोत्सव पर देवाधिदेव महादेव श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का प्रातः कालीन रुद्राभिषेक, श्री महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी देवी का श्री सूक्त षोडश मंत्र से अभिषेक, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामजी, श्री सिद्धिविनायक का पूजन, श्रृंगार कर मातारानी को छप्पन भोग लगाया जाएगा। संध्या 6 बजे सायंकालीन आरती की जाएगी। उन्होंने बताया कि सतयुग में एक समय ऐसा आया जब त्रिलोक में भयंकर आंधी-तूफान और प्राकृतिक विपदाओं ने उत्पात मचाया हुआ था। इससे सभी देवगण, ऋषि-मुनि और मानव जाति त्रस्त हो गई थी। इस विपत्ति से बचने के लिए सभी देवताओं ने भगवान विष्णु से सहायता की गुहार लगाई। भगवान विष्णु ने सभी को बताया कि इस विपत्ति को शांत करने के लिए उन्हें हरिद्रा सरोवर (पीले जल का सरोवर) के पास जाकर तपस्या करनी होगी। विष्णुजी ने स्वयं वहां जाकर देवी बगलामुखी की आराधना की। भगवान विष्णु की तपस्या से प्रसन्न होकर देवी बगलामुखी प्रकट हुईं। देवी बगलामुखी का वर्ण सुनहरा पीला है और वे पीले वस्त्र धारण करती हैं। उनके हाथों में गदा और पाश होते हैं। वे अपने भक्तों की रक्षा करती हैं और उनके शत्रुओं का नाश करती हैं।

### मोक्ष प्रदान करने वाली देवी है बगलामुखी

माता बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या हैं। इन्हें माता पीताम्बरा भी कहते हैं। संपूर्ण सृष्टि में जो भी तरंग है वो इन्हीं की वजह से है। ये भोग और मोक्ष दोनों प्रदान करने वाली देवी है। ब्रह्माजी ने सबसे पहले बगलामुखी देवी की पूजा की थी। इसके बाद भगवान शंकरजी, भगवान श्री हरि विष्णुजी, भगवान परशुराम, देव ऋषि नारदजी ने मां की आराधना की थी।





## काली माता के स्वरूप में किया दर्शन

**बिलासपुर।** स्टेशन रोड, बाराह खोली चौक में रजत जयंती वर्ष में आयोजित श्री सोलापुरी माता पूजा उत्सव अब समापन की ओर बढ़ रहा है। शनिवार को यहां पुजारी पार्थ सारथी ने गीली हल्दी से मां काली स्वरूप में सोलापुरी माता की स्थापना की। मां काली देवी दुर्गा का उग्र स्वरूप है, जिन्होंने असुरों के संहार के लिए यह रूप धरा था। मां काली का यह रूप बुराई अज्ञान और अहंकार के विनाश का प्रतीक है। देवी जहां शक्ति की प्रतीक है तो वही विनाश की भी। तंत्र साधक मां काली की उपासना करते हैं।

देशभर में मां काली के कई प्रसिद्ध मंदिर हैं लेकिन कोलकाता के कालीघाट और दक्षिणेश्वर काली की महिमा ही निराली है। इसी मां काली की प्रतिमा पुजारी पार्थ सारथी ने बाल पुजारियों की मदद से निर्मित की। हर दिन की तरह डफली की स्वर लहरी के बीच वैदिक मंत्रोचार के साथ देवी की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात यहां महा आरती हुई जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय और अन्य प्रदेशों के श्रद्धालु शामिल हुए। इस दिन देवी को पूरी और सब्जी का भोग अर्पित किया गया, जिसे प्रसाद के रूप में सबके बीच वितरित किया गया।

### आज महाकुंभम

10 दिनों तक मां सोलापुरी के अलग-अलग स्वरूप में स्थापना कर उनकी पूजा अर्चना की गई। इस दौरान उन्हें हर दिन अलग-अलग प्रकार का भोग अर्पित किया गया, लेकिन भक्तों को लगता है कि यह पर्याप्त नहीं है। इसलिए आयोजन के अंतिम दिन उन्हें महाकुंभम का महाभोग अर्पित किया जाता है। इसकी विधि भक्तों को रोमांचित करती है। इस वर्ष महाकुंभम पूजा के यजमान वॉयरलैस कॉलोनी निवासी जी काशीराव, जी कमला, जी संतोष और जी अंतरा है, जिनके निवास पर विशाल आकार के महाप्रसाद तैयार किए जाएंगे। इसमें इडली, दोसा, बड़ा चंद्रकांतालु, बुरलू, पुलियाराम, चना और न जाने क्या कुछ होगा। इसी प्रसाद को थालियों में सजाकर दोपहर में शोभायात्रा निकलेगी। आतिशबाजी और डफली के साथ सर पर महाप्रसाद की थालियां लिए महिलाएं शोभायात्रा के साथ पूजा पंडाल पहुंचेगी, जहां देवी के समक्ष आसान सजाकर 5 क्विंटल चावल और विभिन्न व्यंजनों का महाप्रसाद उन्हें अर्पित किया जाएगा। प्रतीक स्वरूप उन्हें मुर्गा भी समर्पित किया जाएगा। भोग अर्पित कर भोग की ढेरी में जगह-जगह कपूर प्रज्वलित कर विशेष विधि विधान के साथ देवी की पूजा अर्चना की जाएगी। बाद में यही भोग प्रसाद के रूप में हजारों भक्तों के बीच वितरित किया जाएगा। देवी को महाकुंभम का प्रसाद अर्पित करने के बाद पूजा पंडाल में ही भंडारे का भी आयोजन होगा जिसमें हजारों श्रद्धालु सम्मिलित होंगे।

### आज वापसी यात्रा भी

10 दिन पहले श्री त्रिपुर सुंदरी मां मरी माई मंदिर से शोभा यात्रा निकालकर मां सोलापुरी की स्थापना की गई थी। इस रविवार शाम को वापसी यात्रा होगी। मां सोलापुरी उसी रास्ते से वापस त्रिपुर सुंदरी मा मरी माई मंदिर लौटेंगी, जिस रास्ते से वह शुक्रवार को आई थी। इस वापसी यात्रा में भी देवी का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। जल का छिड़काव कर साड़ियां बिछाई जाएगी। जगह-जगह तोरण द्वार बनाकर शरबत का वितरण किया जाएगा। देर रात यह वापसी शोभायात्रा लोको कॉलोनी स्थित त्रिपुर सुंदरी मां मरी माई मंदिर पहुंचेगी, जहां देवी का प्रतीकात्मक विसर्जन होगा। सोमवार को राटा पूजा के साथ आयोजन का समापन होगा।

**यह रहे लकी ड्रा के विजेता :** पूजा पंडाल पहुंचने वाले बच्चों और महिलाओं को आयोजन समिति की ओर से निःशुल्क कूपन का वितरण किया जाता है, जिसका लकी ड्रॉ निकालकर हर दिन उपहार प्रदान किए जाते हैं । अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, डॉक्टर रजनीश पांडे, रेल अधिकारी नवीन सिंह और पूर्व महापौर रामशरण यादव द्वारा लकी ड्रा निकाला गया। कुमकुम पूजा लकी ड्रा के विजेता जी दमयंती, एम राधिका , कल्याणी लता राव, सरोज, के महालक्ष्मी, त्रिवेणी, एम रतनालू, महेश्वरी, ज्योति यादव, रमैया, श्रावणी, लक्ष्मी और आशा प्रधान रही, तो वही बच्चों की श्रेणी में ईशान, चरण और सान्वी मौर्य विजेता रही। महिलाओं में रेवती, एम सरस्वती और के नागमणि विजेता रही।

वितरण

## पक्षियों की रक्षा के लिए ब्रह्माकुमारीज ने किया सकोरे का वितरण



**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा राजयोग भवन सेवा केंद्र की संचालिका बीके स्वाति दीदी के नेतृत्व में बेजुबान पक्षियों की रक्षा, उन्हें दाना-पानी देने एवं पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने सकोरे का वितरण किया गया। इस सेवा में स्वेच्छा से अपना सहयोग देने वाले भाई बहनों को स्वाति दीदी ने संकल्प दिलाया कि अपने-अपने घरों पर सकोरा रख पक्षियों को दाना पानी देकर उनकी रक्षा करने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि हमारे जीवन में पशु-पक्षी का बहुत अधिक महत्व है। हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम सभी अपने-अपने मकान के छतों में पक्षियों के लिए जल युक्त सकोरा व चावल के दाने एवं घर के बाहर गाय आदि पशुओं के लिए पानी भरा पात्र रखें। किसी को पानी पिलाना पुण्य का काम होता है। प्यासे को पानी पिलाने से कई गुणा पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इसके पूर्व भी ब्रह्माकुमारीज द्वारा लगभग 150 सकोरे का वितरण किया जा चुका है।

## स्काउटिंग का अहम पड़ाव है हिमालय वुड बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्नर न्यूज

भारत स्काउट-गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित 7 दिवसीय हिमालय वुड बैज लीडर ट्रेनर प्रशिक्षण शिविर कोर्स का शुभारंभ हुआ। राज्य मुख्य आयुक्त डा सोमनाथ यादव ने कहा कि स्काउटिंग के लिए हिमालय वुड बैज कोर्स प्रत्येक स्काउटर के लिए अहम पड़ाव है। डॉ यादव ने कहा कि प्रत्येक स्काउटर को इस पड़ाव को प्राप्त करना चाहिए। जिससे वे एक सफल स्काउट प्रशिक्षक बन बच्चों को वो सारे गुण सिखा सके। उन्होंने समस्त प्रशिक्षार्थियों को अनुशासन और कठोर परिश्रम से डिग्री प्राप्त करने अपनी शुभकामना प्रेषित की। यह शिविर पहली बार आधारशीला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल कोनी बिलासपुर हो रहा है। शिविर में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित 70 स्काउट मास्टर, रोवर लीडर भाग ले रहे है। जहां उन्हें शिविर दिनचर्या अनुसार जागरण, बीपी सिक्स सत्र कार्य में स्काउट के आदेश, बाएं हाथ मिलाना, एपीआरओ भाग 2 के अनुसार स्काउटिंग जीवन कला, प्रैक्टिकल के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गांठे बताई गई। तंबू, गजट, बिना बर्तन भोजन बनाना, नक्शा व निशान के आधार पर गंतव्य तक पहुंचना, संध्याकालीन सत्र में कैंप फायर आदि कार्य का लिखित एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। परीक्षा के बाद सफल परीक्षार्थियों को एच डब्ल्यू वी प्रमाण पत्र व बिट देकर राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा सम्मानित किया जाएगा।






आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल कोनी में चल रहा शिविर

### ये दे रहें सेवाएं

शिविर में प्रशिक्षक के रूप में स्काउट विंग से शिविर संचालक संतोष कुमार साहू, सहायक संचालक विजय यादव, शांतनु कुर्रे, पूनम साहू, गिरीश पाढ़ी, मृत्युंजय शुक्ला, रोवर विंग से शिविर संचालक राज्य सचिव कैलाश सोनी, सहायक संचालक अमित कुमार क्षत्रिय, दिलीप पटेल, सूरज कसार, जितेंद्र डनसेना, प्रदीप सेन सेवाएं दे रहे हैं। शिविर का समापन 8 मई को होगा।



## संभागीय खेल में केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ का उत्कृष्ट प्रदर्शन

स्पोर्ट्स न्यूज

**बिलासपुर।** केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ बिलासपुर के विद्यार्थियों ने केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित 54 वीं संभाग स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। कई विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

54 वीं क्षेत्रीय प्रतियोगिता में बैडमिंटन, खो-खो, ताइक्वांडो, स्केटिंग और एथलेटिक्स में विद्यालय के कुल 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्केटिंग स्पर्धा में वरदान पटेल ने 3 स्वर्ण पदक ताइक्वांडो में जान्हवी सोनी ने 63-69 भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। ये दोनों विद्यार्थी अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। कौशल के आधार पर राष्ट्रीय स्तर के लिए एथलेटिक्स शॉट पुट थ्रो में अयान हसन और लंबी कूद में रविकांत तिर्की भी चयनित हुए। एथलेटिक्स मुकाबले में विद्यालय के बच्चों ने 2 स्वर्ण पदक, 4 रजत एवं 6 कांस्य पदक हासिल किए।




कर की बात
बिजनेस डेस्क

# अगर ज्यादा कट गया है टैक्स तो घबराएं नहीं, पूरा पैसा होगा वापस

एक्सपर्ट बोले, टीडीएस कटने के बाद भी आसानी से वापस पा सकते पैसे ■ गलत कैलकुलेशन या नियमों की जानकारी न होने से कट जाता है पैसा ■ ज्यादा कटे हुए टैक्स का रिफंड क्लेम कर सकते हैं आप ■ फॉर्म 26एएस की मदद से लगा सकते हैं पता

अगर आप भी आईटीआर जमा करवाते हैं और आपका पैसा ज्यादा कट गया है तो घबराएं नहीं, यह सारा पैसा आपको वापस मिल सकता है। बस आपको थोड़ा संयम के साथ कुछ नियमों का पालन करना होगा। टीडीएस यानी टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स, एक ऐसा टैक्स है जो आपकी कमाई पर स्रोत पर ही काट लिया जाता है। चाहे आपकी सैलरी हो, फिक्स्ड डिपॉजिट का ब्याज हो, किराए की आय हो या प्रोफेशनल फीस, इन सब पर टीडीएस कट सकता है। लेकिन कई बार गलत कैलकुलेशन या नियमों की जानकारी न होने की वजह से जरूरत से ज्यादा टीडीएस कट जाता है। अगर आपके साथ भी ऐसा हुआ है, तो घबराने की जरूरत नहीं। आप न सिर्फ ये चेक कर सकते हैं कि कितना टीडीएस कटा, बल्कि ज्यादा कटे हुए टैक्स का रिफंड भी क्लेम कर सकते हैं।

**टीडीएस क्या होता है :** सबसे पहले समझते हैं कि टीडीएस है क्या। मान लीजिए आप किसी कंपनी में काम करते हैं और आपकी सैलरी 50,000 रुपये महीना है। कंपनी आपको पूरी सैलरी देने से पहले उसमें से कुछ टैक्स काट लेती है और उसे सरकार के पास जमा कर देती है। यही टीडीएस है। ये टैक्स आपकी कमाई के हिसाब से और सरकार के टैक्स स्लैब के आधार पर कटता है। सैलरी के अलावा, बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट के ब्याज पर, किराए की आय पर, या फ्रीलांस काम की फीस पर भी टीडीएस कट सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है कि आपकी कुल आय टैक्सेबल लिमिट से कम होती है, फिर भी टीडीएस कट जाता है। या फिर गलत टैक्स स्लैब के हिसाब से ज्यादा टैक्स काट लिया जाता है। ऐसे में आप ज्यादा कटे हुए टैक्स को रिफंड के तौर पर वापस पा सकते हैं। इसके लिए आपको पहले चेक करना होगा कि कितना टीडीएस कटा और क्या वो सही था।




### ज्यादा टीडीएस कटने का पता कैसे लगाएं

टैक्स और इनवेस्टमेंट एक्सपर्ट बताते हैं, अगर आपको लगता है कि आपका टीडीएस जरूरत से ज्यादा कट गया है, तो सबसे पहले आपको अपनी टैक्स डिटेल्स चेक करनी होंगी। इसके लिए फॉर्म 26एएस आपको मदद कर सकता है।"

### कैसे चेक करें

सबसे पहले फॉर्म 26एएस डाउनलोड करें। फॉर्म 26एएस एक तरह का टैक्स स्टेटमेंट है, जिसमें आपके पूरे साल के टीडीएस की पूरी जानकारी होती है। ये इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की वेबसाइट पर मिलता है। इसे चेक करने के लिए इनकम टैक्स की ऑफिशियल वेबसाइट **www.incometax.gov.in** पर जाएं। अगर आपने पहले रजिस्टर नहीं किया है, तो 'रजिस्टर यूअरसेल्फ ' पर क्लिक करके अपना पैन नंबर, नाम, जन्मतिथि और दूसरी डिटेल्स डालकर रजिस्टर करें। रजिस्ट्रेशन के बाद, अपने पैन नंबर (जो यूजर आईडी होता है) और पासवर्ड से लॉगिन करें। लॉगिन करने के बाद 'व्यू टैक्स क्रेडिट स्टेटमेंट (फॉर्म 26एएस)' का ऑप्शन चुनें। आपको एक नई वेबसाइट टीआरएसीईएस पर ले जाया जाएगा। यहां से आप फॉर्म 26एएस डाउनलोड कर सकते हैं। इस फॉर्म में आपको सारी डिटेल्स मिलेंगी, जैसे कितना टीडीएस कटा है, किसने काटा (जैसे आपका एम्प्लॉयर या बैंक), और वो टैक्स सरकार के पास जमा हुआ या नहीं। फॉर्म 16 या टीडीएस सर्टिफिकेट से मिलान करें

### एम्प्लॉयर आपको फॉर्म 16 देता है

अगर आप नौकरीपेशा हैं, तो आपका एम्प्लॉयर आपको फॉर्म 16 देता है। ये एक ऐसा डॉक्यूमेंट है, जिसमें आपकी सैलरी और उस पर कटे टीडीएस की पूरी जानकारी होती है। अगर आपने फ्रीलांसिंग की है या किराए की आय है, तो आपको टीडीएस सर्टिफिकेट मिलता है। इन डॉक्यूमेंट्स में दी गई टीडीएस की रकम को फॉर्म 26एएस से मिलाएं। अगर कोई गड़बड़ी दिखे, जैसे फॉर्म 26एएस में ज्यादा टीडीएस दिख रहा हो, तो ये ज्यादा कटने का सबूत है।

### टैक्सेबल इनकम का हिसाब लगाएं

अब आपको अपनी कुल आय और टैक्स स्लैब का हिसाब लगाना होगा। मान लीजिए आपकी सालाना आय 7 लाख रुपये से कम है, तो न्यू टैक्स रिजीम में आपको कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। लेकिन अगर आपका टीडीएस कट गया है, तो वो पूरा रकम रिफंड के लिए क्लेम की जा सकती है। इसके लिए आप अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट की मदद ले सकते हैं या ऑनलाइन टैक्स कैलकुलेटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यहां बताते चलें कि इस साल के बजट में न्यू टैक्स रिजीम में सालाना आय की लिमिट 12 लाख रुपये सालाना कर दी गई है।

### टीडीएस का रिफंड कैसे क्लेम करें?

जैन कहते हैं, "अगर आपको पक्का पता चल गया है कि आपका टीडीएस ज्यादा कट गया है, तो अब बात आती है रिफंड क्लेम करने की। इसके लिए आपको इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) फाइल करना होगा।" आइए, इसे स्टेप-बाय-स्टेप समझते हैं।

### समय पर आईटीआर फाइल करें

जितनी जल्दी आप आईटीआर फाइल करेंगे, उतनी जल्दी आपका रिफंड प्रोसेस शुरू होगा। आमतौर पर आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई होती है, लेकिन अगर आप ये डेडलाइन मिस कर देते हैं, तो भी आप लेट फीस के साथ रिटर्न फाइल कर सकते हैं। आईटीआर फाइल करते समय सही आईटीआर फॉर्म चुनें। अगर आप सैलरीड हैं, तो आईटीआर-1 या आईटीआर-2 काम करेगा। अगर बिजनेस या प्रोफेशनल इनकम है, तो आईटीआर-3 या आईटीआर-4 चुनें। फॉर्म 26एएस और फॉर्म 16 की डिटेल्स के आधार पर अपनी आय और टीडीएस की जानकारी सही-सही भरें। अगर आपने टैक्स बचाने के लिए कोई इन्वेस्टमेंट किया है (जैसे पीपीएफ, ईएलएसएस, या इंश्योरेंस), तो उसकी डिटेल्स भी डालें।

### रिफंड की डिटेल्स सही भरें

आईटीआर फॉर्म में एक सेक्शन होता है, जहां आपको अपने बैंक अकाउंट की डिटेल्स देनी होती हैं, जैसे अकाउंट नंबर और आईएफएससी कोड। ये इसलिए जरूरी है क्योंकि आपका रिफंड सीधे आपके बैंक अकाउंट में आएगा। सुनिश्चित करें कि ये डिटेल्स बिल्कुल सही हों, वरना रिफंड में देरी हो सकती है।

### आईटीआर को वेरीफाई करें

आईटीआर फाइल करने के बाद उसे वेरीफाई करना जरूरी है। आप इसे ऑनलाइन आधार ओटीपी के जरिए, डिजिटल सिग्नेचर से, या आईटीआर-V फॉर्म को प्रिंट करके इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को भेजकर वेरीफाई कर सकते हैं। वेरिफिकेशन के बिना आपका रिफंड प्रोसेस शुरू नहीं होगा।

### रिफंड का स्टेटस कैसे चेक करें?

आईटीआर फाइल करने के बाद आप अपने रिफंड का स्टेटस चेक कर सकते हैं। इसके लिए इनकम टैक्स की वेबसाइट पर लॉगिन करें। 'व्यू रिटर्न फॉर्म' ऑप्शन पर क्लिक करें। अपने फाइनेंशियल ईयर और आईटीआर फॉर्म का स्टेटस चुनें।

### यह मिलेगी जानकारी

यहां आपको पता चलेगा कि आपका रिफंड प्रोसेस हो रहा है, अप्रूव हो गया है, या किसी वजह से रिजेक्ट हुआ है। अगर रिफंड में देरी हो रही है, तो आप इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकते हैं या ऑनलाइन फाइल कर सकते हैं।

### रिफंड में देरी होने पर क्या करें?

कई बार रिफंड प्रोसेस में 6 महीने तक का समय लग सकता है। अगर आपको लगता है कि देरी हो रही है, तो सबसे पहले चेक करें कि आपका आईटीआर सही तरीके से फाइल और वेरीफाई हुआ है या नहीं। अगर कोई गलती हुई है, तो आप रिवाइज्ड आईटीआर फाइल कर सकते हैं। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से संपर्क करें और अपनी पैन डिटेल्स देकर रिफंड स्टेटस के बारे में पूछें। अगर डिपार्टमेंट की तरफ से देरी होती है, तो आपको 6% सालाना की दर से ब्याज भी मिल सकता है।"

### टीडीएस कटने से कैसे बचें?

बलवंत जैन कहते हैं, "अगर आपकी आय टैक्सेबल लिमिट से कम है, तो आप टीडीएस कटने से बच सकते हैं। इसके लिए फॉर्म 15जी (अगर आप 60 साल से कम उम्र के हैं) या फॉर्म 15एच (60 साल से ज्यादा उम्र के लिए) अपने बैंक या एम्प्लॉयर को जमा करें। ये फॉर्म बताते हैं कि आपकी आय टैक्सेबल नहीं है, इसलिए टीडीएस नहीं काटा जाए। अपने एम्प्लॉयर को अपनी इन्वेस्टमेंट डिटेल्स (जैसे पीपीएफ, इंश्योरेंस) समय पर दें, ताकि वो सही टैक्स कैलकुलेट करें। वे आगे कहते हैं, इन स्टेप्स को फॉलो करके आप न सिर्फ ज्यादा टीडीएस कटने की समस्या को पकड़ सकते हैं, बल्कि रिफंड भी आसानी से क्लेम कर सकते हैं। बस जरूरी है कि आप सही जानकारी के साथ समय पर कदम उठाएं।




## टैक्स के लिए कौन सी रिजीम बेहतर

**1. पुरानी टैक्स रिजीम**

पुरानी टैक्स रिजीम में आप विभिन्न कटौतियों और छूटों का लाभ उठा सकते हैं, जैसे कि धारा 80सी के तहत कटौती, धारा 80डी के तहत स्वास्थ्य बीमा कटौती, आदि।

**2. नई टैक्स रिजीम**

नई टैक्स रिजीम में टैक्स दरें कम हैं, लेकिन अधिकांश कटौतियों और छूटों को हटा दिया गया है।

### इन कारकों पर निर्भर

**1. आपकी आय**

यदि आपकी आय अधिक है और आप विभिन्न कटौतियों और छूटों का लाभ उठा सकते हैं, तो पुरानी टैक्स रिजीम आपके लिए बेहतर हो सकती है।

**2. आपके निवेश**

यदि आप विभिन्न निवेश विकल्पों में निवेश करते हैं जो टैक्स कटौती के लिए योग्य हैं, तो पुरानी टैक्स रिजीम आपके लिए बेहतर हो सकती है।

**3. आपकी आवश्यकताएं**

यदि आप एक सरल और कम टैक्स दर वाली रिजीम चाहते हैं, तो नई टैक्स रिजीम आपके लिए बेहतर हो सकती है।

### विशेषज्ञ से परामर्श लें

यह अनुशंसा की जाती है कि आप अपनी व्यक्तिगत वित्तीय स्थिति और आवश्यकताओं का मूल्यांकन करें और एक टैक्स विशेषज्ञ से परामर्श लें ताकि आप अपने लिए सबसे अच्छी टैक्स रिजीम का चयन कर सकें।




# इन इक्विटी फंड्स ने एक साल में 29 फीसदी तक रिटर्न दिया

पिछले एक साल के दौरान शेयर बाजार में काफी उथल-पुथल का माहौल देखने को मिला। इस माहौल की वजह से इक्विटी में पैसे लगाने वाले निवेशकों में काफी बेचैनी भी रही है। फिर चाहे वे इक्विटी में सीधे निवेश करने वाले इनवेस्टर हों या इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में पैसे लगाने वाले छोटे निवेशक, लेकिन इस उथल-पुथल के बीच भी इक्विटी म्यूचुअल फंड्स की हर कैटेगरी की कुछ स्कीम्स ने पिछले 1 साल में आकर्षक रिटर्न दिए हैं। इन कैटेगरी टॉपर स्कीम्स के डायरेक्ट प्लान्स का पिछले एक साल का रिटर्न 12% से लेकर 29% तक रहा है। इससे पता चलता है कि इन म्यूचुअल फंड स्कीम्स के मैनेजर्स की निवेश रणनीति बाजार की हलचलों के बीच भी निवेशकों को मुनाफा दिलाने में सफल रही है। निवेशक भी इन फंडों में निवेश कर खुद को खुशनसीब मान रहे हैं। चूंकि जब बाजार में गिरावट का दौर था तब ये फंड अच्छा मुनाफा दे रहे थे।

निवेश मंत्रा | बिजनेस डेस्क

### ज्यादा मुनाफा देने वाला टॉप इक्विटी फंड/1 साल का रिटर्न

- मोतीलाल ओसवाल लार्ज कैप फंड : 23.59% (रेगुलर), 25.29% (डायरेक्ट)
- इनवेस्को इंडिया लार्ज एंड मिड कैप फंड : 14.79% (रेगुलर), 16.13% (डायरेक्ट)
- एचडीएफसी फ्लेक्सी कैप फंड : 14.87% (रेगुलर), 15.63% (डायरेक्ट)
- एसबीआई मल्टीकैप फंड : 13.43% (रेगुलर), 14.36 % (डायरेक्ट)
- इनवेस्को इंडिया मिड कैप फंड : 16.43% (रेगुलर), 17.86% (डायरेक्ट)
- बंधन स्मॉल कैप फंड : 12.99% (रेगुलर), 14.52% (डायरेक्ट)
- यूटीआई वैल्यू फंड : 12.78% (रेगुलर), 13.56% (डायरेक्ट)
- व्हाइटओक कैपिटल ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड : 13.13% (रेगुलर), 15 % (डायरेक्ट)
- इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड : 11.86% (रेगुलर), 13.11% (डायरेक्ट)
- यूटीआई डिविडेंड यील्ड फंड : 11.80% (रेगुलर), 12.48% (डायरेक्ट)
- एचडीएफसी फोकस्ड 30 फंड : 15.25% (रेगुलर), 16.52% (डायरेक्ट)
- एचडीएफसीफार्मा एंड हेल्थकेयर फंड (कैटेगरी : थीमैटिक/सेक्टोरल फंड) : 28.13% (रेगुलर), 29.69% (डायरेक्ट)

**एक साल में बेस्ट रिटर्न देने वाले टॉप इक्विटी फंड :** एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएफएफआई) के पोर्टल पर तमाम इक्विटी फंड्स को 12 सब कैटेगरी में बांटकर दिखाया गया है। हमने यहां इनमें से हर कैटेगरी में पिछले 1 साल के दौरान सबसे ज्यादा मुनाफा देने वाली स्कीम के रेगुलर और डायरेक्ट प्लान के रिटर्न के आंकड़े दिए हैं। इन योजनाओं में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एसबीआई म्यूचुअल फंड, मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड और इनवेस्को इंडिया से लेकर यूटीआई म्यूचुअल फंड तक कई दिग्गज फंड हाउस की स्कीम शामिल हैं। जिन्होंने निवेशकों को खूब लुभाया और अच्छा रिटर्न देकर मालामाल कर दिया। जिसने भी इन फंडों में निवेश किया, उसने ही अच्छा मुनाफा कमाया और अपनी रकम को कई गुना बढ़ा लिया।

### लार्ज कैप और सेक्टोरल फंड रहे आगे

अपनी-अपनी कैटेगरी में टॉप करने वाले फंड्स के एक साल के रिटर्न को ध्यान से देखने पर पता चलता है कि इस लिस्ट में एचडीएफसी फार्मा एंड हेल्थकेयर फंड के डायरेक्ट प्लान ने सबसे ज्यादा 29.69% रिटर्न दिया है. जबकि 25.29% रिटर्न के साथ मोतीलाल ओसवाल लार्ज कैप फंड का डायरेक्ट प्लान दूसरे नंबर पर है. दिलचस्प बात यह है कि कैटेगरी में टॉप करने वाले इस लार्ज कैप फंड का 1 साल का मुनाफा स्मॉल कैप फंड कैटेगरी की टॉपर स्कीम, बंधन स्मॉल कैप फंड से काफी अधिक है, जिसके डायरेक्ट प्लान का 1 साल का रिटर्न 14.52% है. मिड कैप फंड कैटेगरी की टॉपर स्कीम, इनवेस्को इंडिया मिड कैप फंड के डायरेक्ट प्लान का रिटर्न भी 17.86% ही है. यानी उथल-पुथल भरे बाजार में टॉप लार्ज कैप फंड ने इन दोनों से बेहतर रिटर्न दिया है.

### पिछले रिटर्न के जारी रहने की गारंटी नहीं

हमने एएमएफआई के पोर्टल पर मौजूद रिटर्न के जो आंकड़े लिए हैं, वे 25 अप्रैल 2025 अपडेटेड हैं. इन पर पिछले कुछ दिनों के दौरान शेयर बाजार में हुई रिकवरी का असर भी नजर आ रहा है. आपको बता दें कि पिछले 1 महीने के दौरान निफ्टी 50 (निफ्टी 50) इंडेक्स करीब 5% बढ़ा है, जबकि मौजूदा कैलेंडर इयर (2025) के दौरान अब तक (वाईटीडी) इस इंडेक्स में करीब 2.5% की बढ़त दिखी है. वहीं पिछले 1 साल में यह करीब 7.5% ऊपर आया है. हमने ऊपर जो जानकारी दी है, उनका मकसद सिर्फ कुछ दिलचस्प आंकड़े पेश करना है. यहां यह याद रखना जरूरी है कि इक्विटी म्यूचुअल फंड के पिछले रिटर्न के भविष्य में जारी रहने की कोई गारंटी नहीं होती और उनमें निवेश के साथ मार्केट रिस्क हमेशा जुड़ा रहता है. यही वजह है कि अधिकांश इक्विटी म्यूचुअल फंड्स को रिस्कोमीटर पर बहुत ज्यादा जोखिम वी की रेटिंग दी जाती है।



### क्या है इक्विटी फंड्स

इक्विटी फंड्स एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो इक्विटी शेयरों में निवेश करता है। इक्विटी फंड्स का उद्देश्य लंबी अवधि में पूंजी वृद्धि करना होता है और यह निवेशकों को शेयर बाजार में निवेश करने का अवसर प्रदान करता है। इसकी विशेषताएं हैं। इक्विटी फंड्स इक्विटी शेयरों में निवेश करते हैं जो विभिन्न कंपनियों के शेयर होते हैं। इक्विटी फंड्स लंबी अवधि के लिए निवेश करने के लिए उपयुक्त होते हैं। इक्विटी फंड्स में जोखिम होता है क्योंकि शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

### कुछ मुख्य फायदे

1. **पूंजी वृद्धि:** इक्विटी फंड्स लंबी अवधि में पूंजी वृद्धि करने में मदद कर सकते हैं।
2. **विविधीकरण:** इक्विटी फंड्स विभिन्न शेयरों में निवेश करते हैं जिससे जोखिम कम होता है।
3. **पेशेवर प्रबंधन:** इक्विटी फंड्स का प्रबंधन पेशेवर फंड प्रबंधकों द्वारा किया जाता है।

### इक्विटी फंड्स के प्रकार

1. **लार्ज-कैप फंड्स:** लार्ज-कैप फंड्स बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं।
2. **मिड-कैप फंड्स:** मिड-कैप फंड्स मध्यम आकार की कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं।
3. स्मॉल-कैप फंड्स: स्मॉल-कैप फंड्स छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं।

*(डिस्क्लेमर इक्विटी फंड्स में निवेश करने से पहले, यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने निवेश लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता को समझें और अपने निवेश विकल्पों का चयन करें।)*

## श्री त्रिपुर यात्रा सेवा समिति रायपुर की चारधाम यात्रा 10 तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री त्रिपुर यात्रा सेवा समिति रायपुर द्वारा आयोजित चारधाम यात्रा की प्रथम पाली का शुभारंभ 27 अप्रैल को किया गया। जिसका समापन 10 मई को होगा। समिति इस पवित्र यात्रा को कुल 12 पालियों में संचालित कर रही है, जिसमें श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय सुविधाओं के साथ दिव्य धामों के दर्शन का अवसर मिल रहा है। प्रथम पाली में समिति द्वारा यात्रियों के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं जिनमें रायपुर से हरिद्वार तक आरक्षित ट्रेन टिकट

ट्रेन में नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि भोजन, मंदिर दर्शन के दौरान सुबह का नाश्ता और रात्रि भोजन की उत्तम व्यवस्था, प्रत्येक धाम में दर्शन करने 2-2 27 सीटर बस, टेम्पो ट्रैवलर भेजी गई है। अनुभवी रसोई टीम द्वारा ताजा और शुद्ध भोजन, प्रत्येक पड़ाव पर होटल में रात्रि विश्राम की सुविधा, समस्त यात्रा में श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करने अनुभवी यात्रा मैनेजर की सेवा मिल रही है। समिति के सदस्यों ने बताया कि भक्तों को यमुनोत्री धाम, गंगोत्री धामः माँ गंगा के उद्गम स्थल पर भक्ति व आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। केदारनाथ धामः हिमालय की गोद में बसे बाबा केदारनाथ के दर्शन ने यात्रियों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। बद्रीनाथ धामः भगवान विष्णु के दिव्य मंदिर में पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने अपने जीवन को धन्य किया। वापसी मार्ग में ऋषिकेश और हरिद्वार में गंगस्नान और सत्संग के साथ यात्रा का समापन हुआ। यात्रा को श्रेष्ठतम और यादगार बताया। सभी ने भोजन की गुणवत्ता, यात्रा की समयबद्धता, होटल सुविधाएँ और मार्गदर्शक मैनेजर की तत्परता की विशेष सराहना की। रात्रिकालीन सांस्कृतिक आयोजन, भजन, और गरबा जैसे कार्यक्रमों ने यात्रा को और भी भक्ति-मय बना दिया। पूरी यात्रा के दौरान ली गई फोटो, वीडियो, ब्लॉग और यात्रियों की प्रतिक्रियाएँ समिति द्वारा फेसबुक व यूट्यूब जैसे प्लेटफार्मों पर साझा की जा रही हैं, जिससे अन्य श्रद्धालु भी इस अनुभव को देख सकें। समिति कहा कि जो श्रद्धालु आगामी पालियों में शामिल होना चाहते हैं, वे समय रहते संपर्क करें। अगली पाली शीघ्र ही प्रस्थान के लिए तैयार हैं। अधिक जानकारी के लिए श्री त्रिपुर यात्रा सेवा समिति, रायपुर 7247411411 पर संपर्क कर सकते हैं।

-----------------------------------

# समय से पहले तोड़ना चाहते हैं एफडी, तो जान लें कैसे बचेंगे जुर्माने से

अलर्ट | बिजनेस डेस्क

■ अगर आप बीच में एफडी तोड़ते हैं तो सही रणनीति अपनाएं
■ नुकसान को कम कर सकेंगे और जुर्माने को भी घटा सकेंगे

फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) लंबे समय से अपनी स्थिरता और गारंटीड रिटर्न के लिए लोगों की पसंद रहे हैं। लेकिन, जीवन की अनिश्चितताओं के कारण कई बार निवेशकों को अपनी एफडी समय से पहले तोड़नी पड़ती है, जिससे जुर्माना लगता है और रिटर्न कम हो जाता है। निवेशकों को इस नुकसान से बचाने के लिए, जानकारों ने कई सुझाव दिए हैं। उन्होंने बताया कि कैसे सही रणनीति इस नुकसान को कम कर सकती है और आपके जुर्माने को घटा सकती है। पब्लिक सेक्टर बैंक समय से पहले एफडी तोड़ने पर सबसे कम जुर्माना लगाते हैं। पब्लिक सेक्टर बैंक आमतौर पर प्राइवेट सेक्टर बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक और कोऑपरेटिव बैंक की तुलना में कम जुर्माना लगाते हैं। पब्लिक सेक्टर बैंक सभी वर्गों, खासकर कम आय वाले लोगों की सेवा करने के अपने व्यापक उद्देश्य के कारण अधिक उदार होते हैं। इस वजह से उनका जुर्माना कम होता है। पब्लिक सेक्टर बैंकों में जुर्माना आमतौर पर 0.50% से 1% के बीच होता है। वहीं, प्राइवेट सेक्टर और स्मॉल फाइनेंस बैंक 1% से 1.50% तक जुर्माना लगा सकते हैं।

### ब्याज की जुर्माने में क्या भूमिका

कई निवेशक सोचते हैं कि ब्याज की गणना का समय मासिक, त्रैमासिक, छमाही या सालाना एफडी समय से पहले तोड़ने पर होने वाले नुकसान को प्रभावित करता है। लेकिन शेट्टी ने इस बारे में स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, एफडी में ब्याज की गणना का समय इस बात पर असर डालता है कि जमा अवधि के दौरान ब्याज कैसे बढ़ता है। लेकिन जब एफडी को समय से पहले तोड़ा जाता है, तो जुर्माना उस कम ब्याज दर के आधार पर लगता है, जो एफडी के वास्तविक अवधि के लिए लागू होती है। यह जुर्माने की गणना पर सीधे असर नहीं डालता।" इसलिए, भले ही ब्याज की गणना का समय पूरी अवधि तक एफडी चलने पर कुल रिटर्न को प्रभावित करता हो, लेकिन समय से पहले तोड़ने पर जुर्माने को कम करने में इसकी भूमिका बहुत कम होती है। शेट्टी सलाह देते हैं कि कम जुर्माना वाले बैंक चुनें और अगर समय से पहले तोड़ने की संभावना हो, तो कम अवधि की एफडी चुनें।

### स्मार्ट तरीके से बनाएं अपनी रणनीति एफडी लैडरिंग

कुल निवेश को कई एफडी में बांटकर, अलग-अलग समय पर परिपक्व होने वाली एफडी बनाएँ। इससे निवेशकों को समय-समय पर अपने पैसे तक पहुँच मिलती है। ऐसा करने से निवेशक अपनी पूरी जमा राशि को समय से पहले तोड़े बिना, नियमित अंतराल पर अपने फंड का कुछ हिस्सा निकाल सकते हैं।"

### स्वीप-इन सुविधा

कई बैंक स्वीप-इन खाते की सुविधा देते हैं, जिसमें बचत खाते में अतिरिक्त राशि अपने आप एफडी में चली जाती है। ये जमा राशि बिना किसी जुर्माने के आसानी से निकाली जा सकती है और बचत खाते की सुविधा के साथ-साथ एफडी के अधिक रिटर्न भी देती है।

### एफडी पर लोन

एफडी तोड़ने के बजाय, निवेशक इसपर लोन ले सकते हैं। "बैंक आमतौर पर एफडी की 90% तक की राशि पर लोन देते हैं, जिसका ब्याज एफडी की ब्याज दर से थोड़ा अधिक होता है। यह विकल्प जुर्माने से बचने में मदद करता है और निवेश को भी बनाए रखता है।"

### क्या है एफडी

एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) एक प्रकार का बचत विकल्प है जो बैंक या वित्तीय संस्थान द्वारा प्रदान किया जाता है। इसमें आप एक निश्चित राशि जमा करते हैं जो एक निश्चित अवधि के लिए जमा रहती है और आपको एक निश्चित ब्याज दर पर ब्याज मिलता है। यह एक अच्छा निवेश विकल्प हो सकता है यदि आप सुरक्षित और निश्चित रिटर्न चाहते हैं और आपको अपने पैसे को एक निश्चित अवधि के लिए जमा रखने में कोई समस्या नहीं है।

### एफडी की कुछ विशेषताएं

**निश्चित अवधि:** एफडी की अवधि निश्चित होती है, जो कुछ महीनों से लेकर कई वर्षों तक हो सकती है।

**निश्चित ब्याज दर:** एफडी पर ब्याज दर निश्चित होती है, जो आमतौर पर अवधि और जमा राशि पर निर्भर करती है।

**गारंटीड रिटर्न:** एफडी पर रिटर्न गारंटीड होता है, जिसका अर्थ है कि आपको निश्चित ब्याज दर पर ब्याज मिलेगा।

### एफडी के कुछ मुख्य फायदे

**सुरक्षित निवेश:** एफडी एक सुरक्षित निवेश विकल्प है, क्योंकि इसमें आपका पैसा बैंक या वित्तीय संस्थान के पास जमा रहता है।
**निश्चित रिटर्न:** एफडी पर रिटर्न निश्चित होता है, जिससे आपको पता होता है कि आपको कितना ब्याज मिलेगा।
**लिक्विडिटी:** एफडी में लिक्विडिटी होती है, क्योंकि आप अपनी जमा राशि को अवधि से पहले भी निकाल सकते हैं, हालांकि इसमें कुछ जुर्माना लग सकता है।

### एफडी के कुछ नुकसान

**कम रिटर्न:** एफडी पर रिटर्न अन्य निवेश विकल्पों की तुलना में कम हो सकता है।
**जुर्माना:** यदि आप अपनी जमा राशि को अवधि से पहले निकालते हैं तो आपको जुर्माना देना पड़ सकता है।

## पीएफ ट्रांसफर और विड्रॉल करना अब बेहद आसान, ईपीएफओ ने कर दिया सिस्टम अपग्रेड

बिजनेस डेस्क

कर्मचारियों के लिए एक बेहद सूकून भरी बात है। दरअसल, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पेंशन निकासी से जुड़ी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कई नए बदलावों की घोषणा की। इन बदलावों का उद्देश्य क्लेम की प्रक्रिया को तेज करना और कागजी काम को कम करना है। कुछ डिजिटल और पेपरलेस उपायों से न केवल समय बचेगा, बल्कि क्लेम रिजेक्शन की संभावना भी बेहद कम होगी। ईपीएफओ सदस्य थोड़ी सावधानी के साथ आसानी से अपने क्लेम को हासिल कर सकेंगे। दावों के निपटानों में भी तेजी आएगी।

### जानिए क्या-क्या बदला गया है

■ घर की मरम्मत करवाने के लिए एडवांस : अब कर्मचारी खुद ही डिक्लेरेशन देकर पैराग्राफ 68बी(7) के तहत घर में कुछ काम करवाने के लिए या मरम्मत करने के लिए एडवांस ले सकेंगे।
■ बैंक अकाउंट लिंक करना हुआ आसान : अब बैंक खाते को यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) से जोड़ने के लिए न तो नियोक्ता की मंजूरी चाहिए और न ही बैंक दस्तावेज़ अपलोड करने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### एसबीआई मंगला शाखा में स्वास्थ्य जागरुकता शिविर



**बिलासपुर।** अपोलो हास्पिटल एवं एसबीआई मंगला ब्रांच के संयुक्त तत्वावधान में एसबीआई मंगला शाखा में 3 मई को स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का थीम फूड ईज मेडीसीन था। एसबीबाई के बैंक मैनेजर अविनाश सोनी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सभी ग्राहकों का अभिवादन किया गया। ग्राहकों के प्रति उत्कृष्ठ ग्राहक सेवा की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। मुख्य वक्ता डा. चम्पा मजूमदार, अपोलो अस्पताल ने खान पान एवं स्वास्थ्य संबंधित विशेष जानकारी दी। अपोलो प्रबंधन के अजय जाडे ने बैंक के ग्राहकों को समय मसय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी। एसबीआई मंगला ब्रांच के शाखा प्रबंधक अनिकेत झा ने कहा कि ग्राहकों का स्वास्थ्य परीक्षण हमारा उत्तरदायित्व है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में योगेश तिवारी, कपिल, प्रीति, प्रिया, अंकिता तिर्की, राजेश आदि मौजूद थे।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने किया कलेक्टर का स्वागत



**बिलासपुर।** अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल का पुष्प गुछ भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने पूर्व में जारी जिले के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण करने जनदर्शन कार्यक्रम को प्रत्येक मंगलवार को आयोजित करने का आग्रह किया। जिस पर उन्होंने सहमति देते हुए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने कार्य को लगन के साथ करते हुए जिले में विकास कार्य को गति देने में योगदान देने कहा। इस अवसर पर संभाग प्रभारी जीआर चंद्रा, डॉ. बीपी सोनी, किशोर शर्मा, रामकुमार यादव, चंद्रशेखर पांडे, अश्वनी तिवारी, प्रमोद भारद्वाज, डी. आर श्रीवास, राजेश्वर वस्त्रकार, शिव यादव, मनोज द्विवेदी, उमेश कश्यप, सीके जयसवाल, अशोक आक्रेकर, शेफाली पांडे, नेहा ओगरे, मंजूलता पटेल, श्वेता गंधर्व, विकास ठाकुर, सोमेश प्रधान, अशोक ब्रह्म भट्ट, देवेंद्र केशरवानी, विवेक गुप्ता, श्री शंकर श्रीवास आदि मौजूद थे।

### प्याऊ घर सेवा कार्य : भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स की सराहनीय पहल




**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स जिला संघ बिलासपुर द्वारा टाउन हाल के सामने प्याऊ घर सेवा कार्य का आयोजन किया गया है। जहां प्रतिदिन राहगीरों, दुकानदारों व आम नागरिकों के लिए शीतल जल की व्यवस्था की जा रही है। यह सराहनीय कार्य छत्तीसगढ़ के मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के दिशा-निर्देशों पर किया जा रहा है। यह जल सेवा कार्य भारत स्काउट्स गाइड्स द्वारा भीषण गर्मी में आम जनता को ठंडा जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। जल सेवा का उद्देश्य न केवल जनकल्याण है, बल्कि स्काउट-गाइड सिद्धांतों के अनुरूप सेवा-भाव को बढ़ावा देना भी है। सेवा केंद्र में शनिवार को बिलासपुर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल तिवारी, पी. दासरथी, अखिलेश मेहता व रामेश्वर जायसवाल ने उपस्थित होकर इस सेवा कार्य की सराहना की और इसे एक अनुकरणीय प्रयास बताया। इस जनहितकारी पहल में स्काउट्स और गाइड्स की टीम पूर्ण समर्पण के साथ सेवा कर रही है। जिसमें प्रमुख रूप डॉ. पूनम सिंह (गाइड कैप्टन), शासकीय हाईस्कूल फरहदा, पार्वती कौशिक (रेंजर लीडर), महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल निशा, सुष्मिता पात्रे, आंचल और पूर्वा आदि अपनी सेवा दे रहे हैं।

### सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्रों ने आचार्य शिवराम को दी विदाई



**बिलासपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर तिलकनगर से शिवराम चौधरी 40 साल सेवा के बाद रिटायर हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर पूर्व छात्र, पूर्व आचार्य और वर्तमान शिक्षक स्टाफ ने सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष नेतराम सैनिक, पुरषोत्तम अग्रवाल, बृज कुमार चौधरी आदि मौजूद थे। इधर पूर्व छात्र और पूर्व आचार्य की ओर से संस्कार श्रीवास्तव ने उनके घर जाकर सम्मानित किया।

### चिन्मयानंद बापू ने किया राष्ट्र धर्म प्रवर्तन का विमोचन

**बिलासपुर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार अंजनी कुमार तिवारी



सुधाकर की अनुपम कृति राष्ट्र धर्म प्रवर्तन का विमोचन आयोजित धर्म सभा के मुख्य अभ्यागत स्वामी चिन्मयानन्द बापू के कर कमलों से हुआ। विमोचन के लिए प्रयास प्रकाशन के निदेशक डॉ. विनय कुमार पाठक पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग, डा. राघवेन्द्र कुमार दुबे, सनत तिवारी,डॉ. विवेक तिवारी, डॉ. बजरंग बली शर्मा, राजेश सोनार, राम निहोरा राजपूत, आशीष श्रीवास, शत्रुघन जैसवानी एवं समस्त साहित्यकारों ने शुभकामनाएं दी हैं।



दयालबंद मधुबन में गिरा पेड़।



लिंक रोड स्थित कलेक्टर बंगले के सामने गिरा पेड़।



जबड़ापारा में आंधी से झुका बिजली का खंभा।

अक्टूबर तक पूरा करने की थी योजना, अब तक बाऊंड्रीवाल ही हो सकी

# रिवर व्यू में एडवेंचर पार्क के निर्माण में हो रही देरी, कंपनी को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंदिरा सेतु व रामसेतु के बीच रिवर व्यू में तैयार किए जा रहे एडवेंचर पार्क के निर्माण की सुस्त चाल को लेकर ईसीएचटी कांग्लोमेरेट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी को फटकार लगाई गई है। पार्क का निर्माण जनवरी माह में प्रारंभ किया गया था, जिसे अक्टूबर माह तक पूर्ण किया जाना था। इसके विपरीत इसके निर्माण में संलग्न कंपनी द्वारा अब तक सिर्फ सड़क और नदी की ओर बाऊंड्रीवाल का निर्माण ही कराया जा सका है। इस मामले में कंपनी को नोटिस जारी करने की तैयारी की जा रही है।

■ रिवर व्यू में जनवरी से हो रहा पार्क का निर्माण

स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा रिवर व्यू में एडवेंचर पार्क के अंतर्गत बनाए जा रहे इंडोर गार्डन, वाटर फॉल, कूज रेस्टोरेंट सहित वाटर स्पोर्टस, मल्टीप्लेक्स और रेस्टोरेंट का आनंद लेने के लिए शहरवासिययों को फिलहाल इंतजार करना होगा। इस कार्य को पीपीपी मॉडल के अंतर्गत संपन्न कराने का बीड़ा उठाने वाली कंपनी ईसीएचटी कांग्लोमेरेट प्राईवेट लिमिटेड को बीते दिनों निर्माण कार्य की सुस्त गति के लिए जमकर फटकार लगाई गई है। कंपनी ने इस कार्य की शुरूआत जनवरी माह में की थी, जिसके अंतर्गत अब सड़क के किनारे व नदी की ओर बाउंड्रीवाल व पाथ-वे का निर्माण किया गया है। कंपनी द्वारा अपने समस्त निर्माण अक्टूबर तक समाप्त कर देने की बात कही गई थी, लेकिन फिलहाल कार्य बाउंड्रीवाल व पाथवे तक ही सीमित है, जबकि मई का महीना प्रारंभ हो चुका है। हालांकि कंपनी द्वारा दी गई समय सीमा के लिए अब भी छह माह शेष हैं, लेकिन इन छह महीनों में तीन महीने बारिश के भी शामिल हैं, जिससे निर्माण कार्य निश्चत रूप से प्रभावित होगा। ऐसी स्थिति में इसके अक्टूबर माह तक तैयार हो पाने में संदेह है।





### जारी करेंगे नोटिस

कंपनी ने अक्टूबर तक निर्माण पूर्ण कर लेने की बात कही है, जिसमें अभी 6 माह शेष हैं, लेकिन इसमें तीन माह बारिश के भी हैं। वर्तमान में कार्य की गति निश्चित रूप से अपेक्षित से काफी कम है। कंपनी को फटकार लगाई गई है। नोटिस भी जारी करेंगे।

**–एसपी साहू,** मैनेजर, स्मार्ट सिटी लिमिटेड

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने ली कांग्रेस नेताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर संभाग के सारे कांग्रेस नेताओं को शनिवार को रायपुर बुलाया गया था। वहां कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने संभाग भर के सभी कांग्रेस जिलाध्यक्षों सहित पदाधिकारियों एवं विधायक व पूर्व विधायकों की बैठक ली, जिसमें बिलासपुर में होने वाले प्रदेश स्तर के संविधान बचाओ कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई और सभी नेताओं में भीड़ जुटाने की जवाबदारी दी गई है।

■ प्रदेश स्तर का बिलासपुर में होगा कार्यक्रम

कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ आंदोलन राष्ट्रीय स्तर पर चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पहले प्रदेश स्तर का संविधान बचाओ कार्यक्रम दुर्ग में होना था जो स्थगित हो गया था। अब यह कार्यक्रम बिलासपुर में होना तय हुआ है। संभागभर के कांग्रेस नेताओं को आज रायपुर कांग्रेस भवन बुलवाया गया था, जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस नेताओं की बैठक ली। इस बैठक में 8 मई को बिलासपुर में प्रदेश स्तर पर बिलासपुर में होने वाले संविधान बचाओ सभा को लेकर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा जिलाध्यक्षों सहित पदाधिकारियों और कांग्रेस के विधायकों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### इनकी रही उपस्थिति


बिलासपुर में होने वाले प्रदेश स्तर के कार्यक्रम को लेकर रायपुर कांग्रेस भवन में हुई बैठक में यहां से जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय आदि सहित बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, जीपीएम, मुंगेली जिले के कांग्रेस अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं विधायक, पूर्व विधायक शामिल होने गए थे।

### उमेश पटेल को बनाया गया कार्यक्रम प्रभारी

कांग्रेस के पूर्व मंत्री उमेश पटेल को बिलासपुर में होने वाले संविधान सभा कार्यक्रम के लिए प्रभारी बनाया गया है। कार्यक्रम प्रभारी उमेश पटेल सहित छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड़ रविवार को कार्यक्रम के सिलसिले में बिलासपुर पहुंचने वाले हैं। वे यहां कार्यक्रम स्थल को लेकर कांग्रेस नेताओं से चर्चा करेंगे और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण एवं चयन करेंगे। चूंकि यह बड़ा कार्यक्रम है इसलिए शहर के किसी बड़े मैदान को देखा जा रहा है। क्योंकि इस कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रभारी सचिन पायलेट सहित प्रदेश के कांग्रेस के सारे बड़े नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## कैट ने सरकार के फैसले का किया स्वागत

**बिलासपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने पाकिस्तान से आने वाले या निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात और पारगमन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के भारत सरकार द्वारा उठाए गए साहसिक और निर्णायक कदम का तहे दिल से स्वागत किया है।




कैट ने कहा, यह निर्णय एक मजबूत और स्पष्ट संदेश देता है कि सीमा पार से लगातार शत्रुता और भारत विरोधी गतिविधियों के सामने व्यापार और आर्थिक जुड़ाव जारी नहीं रह सकता है। कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष राजू सलूजा और बिलासपुर सचिव हीरानंद जयसिंह ने कहा कि यह कदम न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरूप है, बल्कि व्यापारिक समुदाय और भारत के नागरिकों की भावना को भी दर्शाता है, जो लंबे समय से आतंकवाद का समर्थन या सहन करने वाले देशों के साथ आर्थिक संबंधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तानी सामानों के सभी व्यापार और पारगमन को रोककर सरकार ने राष्ट्रीय संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने आग्रह किया है कि पाकिस्तान से कोई भी सामान सीधे या पिछले दरवाजे से भारतीय बाजारों में प्रवेश न करे। कैट भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा और आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने के अपने संकल्प को दोहराता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजू सलूजा, अध्यक्ष किशोर पंजवानी, सचिव हीरानंद जयसिंह, महामंत्री आशीष अग्रवाल, अनिल गुप्ता, सुरेंद्र सिंह अजमानी, श्रीकांत पांडे, विष्णु गुप्ता, हरदीप होरा, गोविंद झमवानी, दिलीप खेंडेलवाल, अरविंद वर्मा, विद्युत मंडल, मुकेश लालचंदानी, राकेश भगवानी आदि ने अपना समर्थन दिया।

## सीएमपीडीआई ने सिम्स अस्पताल को दिए चिकित्सा उपकरण



सिम्स प्रबंधन को दस्तावेज सौंपते सीएमपीडीआई के सदस्य, मौके पर उपस्थित कलेक्टर एवं अन्य अफसर।

**बिलासपुर।** सीएमपीडीआई क्षेत्रीय संस्थान - 5 के द्वारा वर्ष 24-25 के सीएसआर के तहत सिम्स अस्पताल को चिकित्सा उपकरण प्रदान किए गए।

जिलाधीश के अनुमोदन एवं सिम्स अस्पताल के आवेदन पर क्षेत्रीय संस्थान – 5 द्वारा वर्ष 24 -25 में सीएसआर के तहत लगभग 60 लाख रुपए राशि के विभिन्न चिकित्सा उपकरण प्रदान किए गए। जिसमें बिलीरुबिनोमीटर 2 नग, आईसीयू वेंटीलेटर 7 नग, वर्टीकल आटोक्लेव 3 नग, फोटो थेरेपी यूनिट 6 नग, स्ट्रूमेंट स्टेलाइजर 3 नग, व्हील बारोस 10 नग की दिए गए। उपरोक्त उपकरण नवजात बच्चों के जीवन बचाने के लिए अत्यंत उपयोगी है। आज एक अनौपचारिक कार्यक्रम में जिलाधीश संजय अग्रवाल, कमिश्नर अमित कुमार, सिम्स चिकित्सालय के प्रभारी डॉक्टर लखन सिंह, एचओडी डा राकेश नेहरूल, डॉ अभिषेक कलवानी, सूरज चंद्राकर एवं सीएमपीडीआई की ओर से कार्यकारी क्षेत्रीय निदेशक बादल मन्ना, सिम्स अस्पताल के कर्मचारी एवं नर्स, सीएमपीडीआई क्षेत्रीय संस्थान-5 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में उक्त संबंधित दस्तावेज़ प्रदान किए गए।

■ 60 लाख रुपए के चिकित्सा उपकरण प्रदान किए

ज्ञात हो कि क्षेत्रीय संस्थान 5- सीएमपीडीआई अपने सामाजिक निर्गिमित उत्तरदायित्व के तहत इस अंचल के सामाजिक शिक्षा स्वास्थ्य में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह जानकारी आलोक श्रीवास्तव ने दी।

## जल संसाधन विभाग का नया एसओआर जारी

**बिलासपुर।** जल संसाधन विभाग द्वारा तैयार की गई नई दर अनुसूची का विमोचन प्रदेश के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप के द्वारा किया गया। वर्तमान में प्रभावी एसओआर पंद्रह साल पहले वर्ष 2010 में तैयार किया गया था, लेकिन इन पंद्रह वर्षों में मशीनरी, निर्माण सामग्री, परिवहन व श्रमिकों के भुगतान सहित समस्त खर्चों में व्यापक परिवर्तन आने के कारण दरों में संशोधन किया गया है।

नई दरें 1 मई से प्रभावशील होंगी। एसओआर दर में बदलाव ठेकेदारों के लिए एक अच्छी खबर हो सकती है। बीते पंद्रह साल से यथावत एसओआर को अब जल संसाधन विभाग द्वारा पुनरीक्षित किया गया है। नई दर अनुसूची में विभाग के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यों के 11 अध्यायों को शामिल किया गया है। तैयार की गई नई दर अनुसूची के अनुपात का ही मध्यप्रदेश, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश और ओडिशा में भी पालन किया जा रहा है। सरकार द्वारा जारी की गई यह अनुसूची प्रदेश के ठेकेदारों की वित्तीय जोखिम को काफी हद तक कम करने में सहायक रहेगी। निर्धारित समय सीमा में अनुसूची तैयार करने में उत्कृष्ट कार्य के लिए आलोक अग्रवाल अधीक्षण अभियंता बोधी, संजय पाठक, आईए सिद्धिकी सतीश सराफ, विजय खरे, ललित राउते, शशांक सिंह, कलश रामटेके सहित अन्य अभियंताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। दर अनुसूची के विमोचन के दौरान जल संसाधन सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो व प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उइके सहित समस्त मुख्य अभयंता उपस्थित थे।



विद्यार्थी पढ़ेंगे बी वॉक इन फूड प्रोसेसिंग

## सीवीआरयू और एफबीएम स्पाइसेज के बीच हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार उच्च शिक्षा को सीधे तौर पर व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के लिए डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय तेजी से कार्य कर रहा है। इस क्रम में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक कोर्स संचालित किया जा रहे हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एमओयू साथ ही साथ रायपुर, बिलासपुर, कोरबा में स्थानीय स्तर पर भी रोजगार देने के लिए उद्योगों एवं संस्थाओं से एमओयू किया जा रहा है।

इन संस्थानों में विद्यार्थी व्यावसायिक शिक्षा का प्रशिक्षण ले रहे और इसके बाद उनके हाथ में रोजगार होगा। इसी क्रम में अब तक विश्वविद्यालय में 8 एमओयू हस्ताक्षरित किए हैं। जिसमें गवर्नमेंट आफ इंडिया आईटी ऑर्गनाइजेशन के नैसकॉम, नोएडा से फ्यूचर स्किल पर एमओयू किया जा चुका है। इसी तरह लॉजिस्टिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल गवर्नमेंट आफ इंडिया चेन्नई से भी अप्रेंटिसशिप के लिए एमओयू किया गया है। कुल मिलाकर सीवीआरयू एनएसडीसी एकेडमिक फॉर स्किल डेवलपमेंट द्वारा 10 एमओयू साइन किए जा चुके हैं। जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिल रहा है। इसी क्रम में आज एफबीएम स्पाइसेज कोरबा से एमओयू हस्ताक्षर किया गया। जिसमें की एफबीएम स्पाइसेज की ओर से मोहम्मद बहाउद्दीन सीईओ एवं डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने एमओयू में हस्ताक्षर किया। इसके तहत अब बी वॉक इन फूड प्रोसेसिंग में विद्यार्थी अपडेट होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. अरविंद तिवारी ने कहा कि आने वाला समय स्किल का समय है।



### लॉजिस्टिक सेंटर स्किल काउंसिल चेन्नई से हुआ अनुबंधः कुलपति

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अप्रेंटिसशिप डिग्री प्रोग्राम पर जोर दिया गया है। इसलिए विश्वविद्यालय ने देश की नेशनल और मल्टीनेशनल कंपनियों से अपरेंटरशिप डिग्री प्रोग्राम के लिए अनुबंध कर रहा है। इसके लिए लॉजिस्टिक सेंटर स्किल काउंसिल चेन्नई जो कि भारत सरकार का उपक्रम है। इससे भी विश्वविद्यालय ने अनुबंध किया है। अब बीटेक मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल के छात्र अप्रेंटिस के लिए जाएंगे। स्टायफण्ड उन्हें प्राप्त होगा साथ ही साथ उसे उन्हें प्लेसमेंट भी मिलेगा।

## सेमेस्टर परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ाने उठी मांग

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा सेमेस्टर परीक्षा की आनलाइन फार्म भरने की तिथि 25 अप्रैल से बढ़ाकर 5 मई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। लेकिन छात्रों द्वारा फिर से सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाने की मांग उठने लगी है। इसी सिलसिले में शनिवार को छात्र-छात्राएं अटल यूनिवर्सिटी पहुंचे थे।

■ आनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि कल

एयू अंतर्गत विधि संकाय के बीए-एलएलबी, बीकाम-एलएलबी एवं एलएलबी की मई-जून माह में सेमेस्टर परीक्षा होने वाली है। इस सेमेस्टर परीक्षा के लिए आनलाइन परीक्षा फार्म भराया जा रहा है। इसके लिए एयू की ओर से पहले 25 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 5 मई तक अंतिम तिथि रखा गया है। परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर आज डीपी विप्र विधि कालेज के छात्र-छात्राएं अटल यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। छात्रों ने एयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरूणधर दीवान से मुलाकात की और अपनी बात रखी। आनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथि में 15 दिनों की वृद्धि की जाए। यूनिवर्सिटी पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं में विशाल मरावी, आयुष राठौर, देवव्रत साहू, राहुल देवांगन, आलोक सिंह, योगेश बंटी, सूर्या, मिथलेश साहू, समीर नारंग, अंकिता कांछी, वर्षा मिश्र, साक्षी शर्मा आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहें।

3-MAY--REGNOL---pg-6-COMMAN_Layout 1 5/3/2025 11:27 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जपं अध्यक्ष कौशिक ने किया बच्चों को सम्मानित



**बोदरी।** आत्मानंद स्कूल बरतोरी में 9वीं एवं 11वीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को बिल्हा जनपद अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक ने सम्मानित किया। साथ ही बच्चों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर जपं बिल्हा के पूर्व सभापति डॉ लक्ष्मण यादव, जिपं सदस्य प्रतिनिधि दीपक यादव, खम्हारडीह सरपंच मोनू यादव, राजेन्द्र डहरिया, नरेश जायसवाल सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय प्राकृतिक कृषि निगरानी समिति में जदुनंदन का चयन

**मल्हार।** जैविक और प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में



उल्लेखनीय योगदान देने वाले मल्हार निवासी जदुनंदन प्रसाद वर्मा का चयन जिला स्तरीय प्राकृतिक कृषि निगरानी समिति के सदस्य के रूप में हुआ है। यह आदेश 22 अप्रैल को उप संचालक कृषि बिलासपुर द्वारा जारी किया गया। जिला बिलासपुर के अंतर्गत नेशनल मिशन ऑन नैचुरल फार्मिंग योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए गठित इस समिति में श्री वर्मा का नाम 10वें सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह नियुक्ति न केवल उनके द्वारा वर्षों से की जा रही जैविक खेती की सफलता का प्रमाण है, बल्कि छत्तीसगढ़ में टिकाऊ कृषि के प्रति जागरूकता और नवाचार की दिशा में एक प्रेरणास्रोत भी है। उन्होंने हाल ही में जैविक टमाटर की खेती कर एक एकड़ में लाखों की आमदनी प्राप्त की है और छत्तीसगढ़ में सेव की खेती शुरू करने वाले पहले किसानों में से एक हैं। यह उपलब्धि न केवल मल्हार क्षेत्र के लिए गर्व की बात है, बल्कि प्रदेश के सभी प्रगतिशील किसानों के लिए एक मार्गदर्शक भी है।

### जिला चिकित्सालय में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने लगा शिविर



**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिये शिविर लगाया गया। शिविर में 43 दिव्यांगों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया। इनमें 35 अस्थि बाधित, 2 श्रवण बाधित और 6 दृष्टि बाधित के 6 दिव्यांगों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप शासन की योजनाओं को पारदर्शी ढंग से आम जनता तक पहुंचाने एवं पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय में दिव्यांगता परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके रॉय ने बताया कि शिविर में 43 दिव्यांगों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया। इनमें 35 अस्थि बाधित, 02 श्रवण बाधित और 06 दृष्टि बाधित के 6 दिव्यांगों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकगण, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय संस्कृत भाषा बोधन का शुभारंभ



**मुंगेली।** संस्कृत भारती द्वारा तीन दिवसीय संस्कृत भाषा बोधन वर्ग जनपद पंचायत में 1 मई गुरुवार को शुभारंभ हुआ। शुभारंभ के दौरान मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डॉ आईपी यादव, आध्यात्मिक प्रवक्ता पीतांबर सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष डॉ राजेश गुप्ता सेतगंगा, शांतनु दत्ता व्याख्याता हिंदी के उपस्थित रहे। सभी ने संस्कृत भाषा को जन-जन की भाषा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में 10 महिला वर्ग 24 पुरुष वर्ग भाग ले रहे हैं। संस्कृत बोल चाल व्यवहार की भाषा बनाने हेतु संस्कृत भारती के प्रांत संघटक मंत्री हेमंत साहू, रविन्द्र चंद्रवंशी, सुश्री अनुपा टंडन, डॉ निलेश तिवारी, दामोदर सोनी, वीरेन्द्र मिश्रा, अनुभवी कार्यकर्ता द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमे जिले के संयोजक के द्वारा डॉ रामबाबू मिश्र आयोजन को सफल करने हेतु सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# एसईसीएल ने 86 स्थानीय युवाओं को जारी किया रोजगार स्वीकृति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- महिला एवं बाल विकास मंत्री मुख्य आतिथ्य में हुआ कार्यक्रम
- महामाया खुली खदान परियोजना भू-अधिग्रहण के एवज में दिया गया पत्र

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, भटगांव क्षेत्र के द्वारा 86 युवाओं को रोजगार स्वीकृति पत्र जारी किए गए। ये रोजगार महामाया खुली खदान परियोजना भू-अधिग्रहण के एवज में प्रदान किया गया है।

कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय महाप्रबंधक दिलीप माधव राव बोबडे ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ कोल इंडिया कार्पोरेट गीत के साथ किया गया तत्पश्चात महाप्रबंधक द्वारा मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े का शाल श्रीफल और पुष्पगुच्छ से स्वागत किया साथ ही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व गृह मंत्री और वन विकास मंडल अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, प्रतापपुर विधायक शकुन्तला पोरते, जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमणि पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष जरही पूरन राम रजवाड़े और नगर पंचायत अध्यक्ष भटगांव परमेश्वरी रजवाड़े का स्वागत शाल श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ से किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने संबोधन में कहा कि एसईसीएल का यह प्रयास भू-अधिग्रहण प्रभावित परिवारों को और सशक्त करेगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन से सभी नियुक्त युवाओं के सफल भविष्य की कामना की है।

## खेल मैदान पर मत्स्याखेट...



**सरगांव।** यह दृश्य किसी तालाब का नहीं बल्कि नगर के उन्मुक्त खेल मैदान का है। शनिवार को मौसम में हुए बदलाव का असर नगर में भी देखने को मिला। बारिश के बाद नगर के उन्मुक्त खेल मैदान में पानी भर गया। खेल मैदान के सामने स्थित डबरी से पानी के साथ मछलियां भी खेल मैदान में आ गईं। इसकी सूचना लोगों को लगते ही वहां मछली पकड़ने के लिए भीड़ लग गई। दोपहर लगभग 3 बजे कुछ मिनटों की बारिश के बाद खेल मैदान में बड़ी संख्या में लोग मछली पकड़ते दिखे।

### दूषित पानी से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा बुरा असर

# टंकी की सफाई नहीं होने से गंदा पानी पीने को मजबूर हैं लोग

**तखतपुर।** लम्बे अरसे से नगरपालिका की पानी की टंकी की साफ-सफाई नहीं होने से लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे बिमारी फैलने की अंदेशा है। नगरपालिका क्षेत्र में जलापूर्ति हेतु पानी की पांच टंकियां बनी हुई हैं।

इन टंकियों की अंतिम बार कब सफाई की गई थी, इसकी जानकारी नगरपालिका में भी नही है। इन टंकियों से पानी लोगों के घरों में जाता है और जिसका उपयोग निस्तारी के साथ साथ लोग पेयजल और खाना बनाने में भी करते हैं। इस दूषित पानी के नियमित उपयोग से लोगों को स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। इधर नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने नगरपालिका



क्षेत्र के सभी नलकूप स्त्रोत, बोर, पानी की टंकियों का सफाई साल में कम से कम दो बार हाईपोक्लोराईड, क्लोरिन डालकर किए जाने का निर्देश दिया है ताकि लोगों को बिमारी से बचाया जा सके। साथ ही नगरपालिका क्षेत्र में कहीं भी गंदे पानी का जमाव न हो गंदे पानी का जमाव होने से डेंगू एवं मलेरिया बिमारी की फैलने की अंदेशा है, इसलिए इन जगहों की भी साफ-सफाई के साथ ब्लीचिंग, क्लोरिन पाउडर डालने का आदेश है, ताकि बिमारी के कीटाणु न पनप सकें। साथ ही पानी सप्लाई पाईप में लिकेज और टूटफूट पर भी ध्यान देने को कहा गया है, ताकि घरों में स्वच्छ और शुद्ध पेयजल पहुंच सके।

नगरपालिका क्षेत्र के पानी टंकियों की सफाई कब हुई है, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। मैं तीन माह पूर्व ही यहां पदस्थ हुआ हूं। जानकारी लेकर साफ-सफाई कराई जाएगी।

– **अमरेश सिंह,** सीएमओ

# गिरिजा शंकर बने सिटी कोतवाली थाना प्रभारी

- 7 पुलिस अधिकारियों का किया गया तबादला

**मुंगेली।** पुलिस विभाग में प्रशासनिक दृष्टिकोण से स्थानांतरण किया गया है। 7 अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है, जिनमें निरीक्षक से लेकर सहायक उपनिरीक्षक शामिल हैं। इसके एक दिन पूर्व चार अधिकारियों का तबादला किया गया। आदेश के मुताबिक सभी तबादले तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के आदेश अनुसार यह तबादले तत्काल प्रभाव से लागू होंगे, साथ ही संबंधित अधिकारियों को नवीन पदस्थापना स्थल पर तुरंत कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षक संजय सिंह को सिटी कोतवाली से हटाकर रक्षित केंद्र मुंगेली भेजा गया एवं उपनिरीक्षक गिरिजा शंकर यादव को थाना प्रभारी सिटी कोतवाली की कमान दी गई। शोभा यादव को महिला सेल व



महिला परामर्श केंद्र के साथ अजाक थाना सौंपा गया। अमित गुप्ता, जो अजाक के प्रभारी थे वे अब थाना प्रभारी लालपुर होंगे। लक्ष्मण खुट्टे को लालपुर से हटाकर रक्षित केंद्र में भेजा गया। उमेद दास गोयल को थाना सरगांव की जिम्मेदारी दी गई है एवं माधव टांडिया को सरगांव से हटाकर चौकी प्रभारी साकेत बनाया गया। एक दिन पूर्व जारी आदेश के अनुसार उपनिरीक्षक सुशील बंछोर को थाना जरहागांव से स्थानांतरित कर प्रभारी साइबर सेल मुंगेली के पद पर पदस्थ किया गया है। उपनिरीक्षक नंदलाल सिंह को साइबर सेल प्रभारी से स्थानांतरित कर थाना प्रभारी जरहागांव नियुक्त किया गया है।

# कलेक्टर के निर्देश के बाद शहर की सड़कें हुई स्वच्छ

- नपा अधिकरी की उपस्थिति में दो शिफ्ट में चल रहा स्वच्छता अभियान

**मुंगेली।** कलेक्टर के निर्देश के बाद शहर के प्रमुख मार्गों व गलियों में स्वच्छता नजर आने लगी है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा सुबह और रात्रि में मुख्य नपा अधिकरी की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे नगर स्वच्छ नजर आ रहा है।



रात्रि में सफाई अभियान में जुटे सफाईकर्मी।

स्वच्छता को कारगर बनाने में व्यापारियों और नागरिको का सहयोग लिया जा रहा है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले का पदभार ग्रहण करने के बाद शहर भ्रमण पर निकले और उन्होंने गन्दगी देखकर नाराजगी जाहिर की। थी। उन्होने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए निर्देश दिया कि सड़कों पर कही पर भी गंदगी नजर नहीं आनी चाहिए। जिसके बाद से सफाई के क्षेत्र में युद्ध स्तर में स्वच्छता अभियान शुरू किए गए। जिले के कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश देते हुए नगर को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए सुबह नगर भ्रमण करने के लिए कहा। शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी प्रतिदिन सुबह एवं रात्रि में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। डोर-टू-डोर कलेक्शन के संबंध में नागरिकों एवं व्यापारियों से बात कर नगर को स्वच्छ बनाने में उनसे सहयोग की अपील की जा रही है।

# लोक अदालत को सफल बनाने व्यवहार न्यायालय परिसर में बैठक



**तखतपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार सचिव अनिल सिंह चौहान व रिचा यादव तालुक विधिक सेवा समिति की अध्यक्षता में नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु शनिवार 3 मई को व्यवहार न्यायालय परिसर तखतपुर में बैठक की गई। ज्ञात हो कि आगामी नेशनल लोक अदालत 10 मई को आयोजित होने वाली है। उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किए जाने के संबंध में विधिक सेवा के माध्यम से 3 मई को अधिवक्ता, विभाग के कर्मचारियों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई गई, जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल सिंह चौहान व रिचा यादव ने लोक अदालत में प्रकरणों के त्वरित निराकरण, आपसी समझौते की प्रक्रिया बताई। साथ ही ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रयास किए जाने के लिए जोर देते हुए बताया गया कि उनके द्वारा नेशनल लोक अदालत में प्री लिटिगेशन प्रकरण निराकरण हेतु पेश किया गया है। उल्लेखनीय है कि आगामी नेशनल लोक अदालत में व्यवहार प्रकरण यथा संपत्ति संबंधी वाद, धन वसूली संबंधी वाद, बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं से संबंधित मामले, राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, परिवार न्यायालय में लंबित वैवाहिक एवं अन्य मामले, विशेष न्यायालय में लंबित प्रकरण, अन्य राजस्व संबंधी समझौता योग्य मामले का निराकरण होता है।

# सुरही में प्रशासन का जनचौपाल सुनी गई लोगों की समस्याएं



**लोरमी।** सुशासन तिहार के अंतर्गत सुदूर वनांचल ग्राम सुरही में शनिवार 3 मई को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने राशन कार्ड, पेंशन, पीएम आवास योजना जैसी समस्याएं प्रमुखता से रखीं। अधिकारियों ने कुछ मामलों का मौके पर ही निराकरण किया, वहीं शेष शिकायतों के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से इनका लाभ लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि शासन का उद्देश्य अंतिम छोर तक विकास की किरण पहुंचाना है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में जिले भर में सुशासन तिहार का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर मेनका प्रधान सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर जनजागरण अभियान

**लोरमी।** ग्राम धौराभाठा में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर ग्रामीण महिला स्व-सहायता समूह, नवदुर्गा समिति, रामचरित मानस समिति के पदाधिकारियों के बीच जनजागरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में देश के बारे में जानकारी देते हुए पिछड़ा वर्ग प्रदेश कार्य समिति सदस्य व अभियान के जिला कोर कमेटी सदस्य विनय साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि बार-बार चुनाव कराने में भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती है, एक साथ चुनाव से चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी। इससे सुरक्षा बलों, शिक्षको और प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार चुनावी ड्यूटी से मुक्त किया जा सकेगा। बार-बार चुनाव होने से आचार संहिता के कारण विकास परियोजनाएं रुक जाती हैं, एक साथ चुनाव होने से यह बाधा दूर होगी और सरकारें अपने विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता को कम करने मदद मिलेगी। साथ ही इससे मतदाताओं में अधिक जागरूकता और उत्साह पैदा होगा, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और लोकतंत्र को सशक्त किया जा सकेगा। 2024 के लोकसभा का चुनावी खर्च करीब 1.35 लाख करोड़ था जो की 2019 के लोकसभा चुनावी खर्च 60 हजार करोड़ से लगभग दोगुना है। कार्यक्रम में वर्षा विक्रम सिंह अध्यक्ष जनपद, गुरमीत सलूजा जिला महामंत्री, सुजीत वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष, रामेश्वर बंजारे पूर्व ने भी अपना विचार रखे। इस अवसर पर विक्रम सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, दिनेश कश्यप, गणेश साहू पूर्व जनपद सदस्य, खिलावन साहू, राजेंद्र साहू जनपद उपाध्यक्ष, उत्तम साहू सभापति, बेदराम पटेल सभापति जनपद, पवन गुप्ता, डॉ रोहित साहू, रविशंकर, मनीष, दामोदर साहू, छत्रपाल साहू, गोकुल साहू, चन्दर बाई ध्रुव, नीरा बाई, धनीराम, मीनेष मेहर सरपंच सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ /अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 30/04/2025

ग्राम सिरगिट्टी के सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 676/7 रकबा 0.024 हे. एकड़ भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्री राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा आ. स्व. सखराज विश्वकर्मा निवासी सिरगिट्टी द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 19/05/25 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 30/04/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

# एक बार फिर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष बने बशीर



**करगीरोड-कोटा।** एक बार फिर बशीर बेग साहब को मुस्लिम समाज के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बशीर बेग साहब के कार्यकाल की समीक्षा के बाद समाज को लोगों ने उन्हें फिर से मुस्लिम समाज का अध्यक्ष चुना। अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुस्लिम समाज के लोगों ने एक बार फिर से मुझ पर भरोसा जताया है, भरोसे पर खरा उतरने की पूरी कोशिश रहेगी। इस दौरान मुस्लिम समाज के हाजी रौशन साहब, शरीफ पेंटर, इब्राहिम खान शरीफ खान, साबिर अली, हाफिज गुलजार साहब, मोहम्मद हसन, सदरूद्दीन खत्री, अहमद हसन, शमीम खान, रफीक बेग, सलीम खान, शहीद खान, आसिफ खान, रूबी खान, हाजी रज्जाक खान, शमशुल खान, अनवर अली, अब्दुल गफ्फार खान, मोहम्मद फिरोज रजा, मोहम्मद जावेद खान हफिज खान, सिराज खान जब्बार खान, अमजद खान, सद्दाम खान, आमिर खान, मोईद कुरैशी, रज्जब खान, अमजद कुरैशी, दादा भाई, बग्गू भाई, अमजद अली, हाशिम अली, सईद खान, शमीम खान (गोलू) साहिल खान, साहेब आलम, फिरोज खान, नियाज खान, सुबराती खान, अफजल खान, रफीक खान, रज्जाक खान, आकिब खत्री, आशिफ खान, सहित मुस्लिम समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

## अवैध शराब पर कार्रवाई 39 पाव जब्त

**लोरमी।** एसपी ने क्षेत्र में अवैध जुआ-सट्टा, शराब बिकी एवं शराब परिवहन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में पुलिस ने अवैध शराब रूप से शराब रखने एवं बिक्री करने वाले आरोपी कृष्णा भास्कर पिता राजकुमार भारकर उम्र 30 साल निवासी छिरछुटटी, रांव सारथी पिता शत्रुहन सारथी उम्र 28 साल निवासी बस स्टैंड के पास एवं रामअवतार पिता मोहन यादव उम्र 58 साल निवासी तुलसाघाट को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 39 पाव जुमला 7.020 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त कर धारा 34(1) क आबकारी एक्ट का 3 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

## निधन

### पं. छबिलाल पाण्डेय



**बिलासपुर।** पचोरी निवासी सेवानिवृत्त प्रधानपाठक पं. छबिलाल पाण्डेय का 85 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया।

### राजकुमारी तिवारी



**बिलासपुर।** यदुनंदन नगर निवासी राजकुमारी तिवारी पति रामखिलावन तिवारी का 80 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रमाकांत व राजेश कुमार तिवारी की माता थीं।

### नवीन गुप्ता



**बिलासपुर।** सीएमडी चौक शिवनेरी होटल के पास रहने वाले नवीन गुप्ता का निधन 3 मई को हो गया। वे 55 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार कल 4 मई को दोपहर 12 बजे मुक्तिधाम मधुबन नारियल कोठी दयालबंद में किया जाएगा। ये स्व. मदनलाल गुप्ता पुत्र एवं अजय गुप्ता के भाई थे।

### विजय दास मानिकपुरी



**बिलासपुर।** मस्तूरी के कोतवाल विजय दास मानिकपुरी का 2 मई शुक्रवार को निधन हो गया। वे 43 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शंकर दास एवं राजा मानिकपुरी के भाई थे।

## वन विभाग सुरक्षा देने में नाकाम

# आवारा कुत्तों के हमले से चीतल की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



विकासखंड के कुछ गांवों में बड़ी संख्या मे चीतल, हिरण एवं बारहसिंघा की मौजूदगी है। झुंड से भटक कर गांव पहुंचे एक नर चीतल की लावारिस कुत्तों के काटने से दर्दनाक मौत हो गई।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पथरिया वन परिक्षेत्र के ग्राम कंचनपुर के नजदीक खपरी, भांवरकछार, बगबुडवा आदि क्षेत्र के बीहड़ से भटक कर गांव आए एक नर चीतल पर लावारिस कुत्तों की झुंड हमला कर दिया। हमले में चीतल गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। गौरतलब है कि भीषण गर्मी में जंगली जानवर पानी की तलाश में गांव की ओर आने लगते हैं एवं लावारिस कुत्तों सहित अन्य कई असामाजिक तत्वों का शिकार हो जाते हैं। फिलहाल वन विभाग की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर चीतल के शव का पीएम कराकर उसका अंतिम संस्कार किया।

### शासन से सुरक्षा की गुहार

पुछेली सरपंच प्रतिनिधि संतोष लहरे का कहना है कि, इस क्षेत्र में जंगल नहीं होने के कारण हिरणों को सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। इसी कारण हमेशा आवारा कुत्तें हिरनों को अपना शिकार बना रहे हैं। साथ ही उन्होंने शासन-प्रशासन से त्वरित कार्रवाई करते हुए इन जंगली जानवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कही।

### दाह संस्कार किया

कुत्तों के झुंड के हमले एवं भय के कारण नर चीतल की मौत हुई है, जिसका डीएफओ के निर्देशन पर पीएम करवाकर विधिवत दाह संस्कार किया गया।

- सुरेश चंद्रवंशी, वनपरिक्षेत्र अधिकारी पथरिया

### विभाग नही गंभीर

वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर पिछले 5-6 वर्षों से पूर्व जिला पंचायत सभापति वासिउला शेख प्रयासरत हैं, लेकिन विभाग की ओर से कोई गंभीर प्रयास नहीं करने से हर वर्ष गर्मी में दर्जनों वन्य जीवों की मौत हो जाती है। इस सम्बंध में उन्होंने कहा की ग्राम पंचायत बगबुड़वा, पुछेली जनपद पंचायत पथरिया में डियर पार्क बनाने की मांग पर विभाग योजना बनाकर कार्य करने की बात कही थी, जिसका आज तक कोई पता नहीं चला। उन्होंने वन विभाग से इस विषय पर गंभीर प्रयास करने की मांग की ।

### अधर में अटका डियर पार्क

पिछली सरकार में इस क्षेत्र में डियर पार्क बनाने के लिए सर्वे भी किया गया था लेकिन अब उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है जबकि सर्वे में किसानों ने अपनी जमीन देने के लिये सहमति भी दी थीं ।ग्रामीणों का कहना है कि हिरणों और जंगली सुवरो के कारण फसल को भारी नुकसान पहुचता यदि एक निश्चित क्षेत्र को डियर पार्क बनाकर वन्य जीवों को रखा जाए तो वन्य जीवों की भी सुरक्षा होगी और हमारे फसलों की भी, लेकिन किसान और वन्य जीव दोनों की सुरक्षा नही हो पा रही है जो दुखद है ।

# बोदरी में निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा



शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**बोदरी।** पंडित प्रहलाद उपाध्याय ने बताया कि 2 मई शुक्रवार को शाम 5 बजे भगवान परशुरामजी की शोभायात्रा बोदरी के वार्ड क्रमांक 9 लक्ष्मी नारायण मंदिर से निकाली गई, जिसमें में क्षेत्र भर से सैकड़ों की संख्या में आए प्रकांड विद्वानों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की एवं शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति और छोटे बच्चे शामिल हुए एवं राजनांदगांव से आई अलग-अलग दिव्य झांकियों को देखने दूर के क्षेत्रों से लोग पहुंचे।

राधाकृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पंडित राकेश दुबे ने सभी लोगों का स्वागत किया एवं पंडित रूपेश पांडे ने प्रसाद का वितरण किया। साथ ही सिंधी समाज ने आइस्क्रीम का वितरण किया। बाटे झूलेलाल मंदिर और श्रीराम मंदिर के आचार्यों ने स्वस्ति वचन मंत्र से पूजा-अर्चना की। साहू समाज के संतोष साहू, राजा साहू, रोहित साहू सहित अन्य लोगों ने प्रसाद के रूप में फल का वितरण किया। पप्पू ठाकुर, राजा वर्मा, दिनेश साहू एवं उनके साथियों ने पुष्प वर्षा कर सभी विप्रजनों का स्वागत किया। कृष्ण कुमार कौशिक व बबला साहू ने भी स्वागत के लिए अलग-अलग स्टाल लगाया। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पार्षद विजय वर्मा की ओर से कोल्ड्रिंग व पानी की व्यवस्था की गई। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ विप्र समाज का स्वागत किया। हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद आठ बजे शोभायात्रा भगवान परशुराम भवन प्रांगण पहुंची, जहां महाआरती की गई। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पंडित दीपक तिवारी, पंडित विनय शर्मा, पंडित राजेंद्र शुक्ला, पंडित लक्ष्मी नारायण दुबे, पंडित अशोक तिवारी, पंडित दिनेश पांडेय, देव कुमारी पांडेय, अनिता राजेन्द्र शुक्ला सहित अन्य विप्रजन मंच पर विराजित हुए। मंच संचालन पंडित कुशल पांडे, पंडित राजेश शर्मा, पंडित यशवंत मिश्रा ने किया। समग्र ब्राह्मण समाज परिक्षेत्र आयोजन समिति की ओ्र से उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पंडित दीपक तिवारी को भगवान परशुराम का स्मृति चिन्हसे भेंट किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज के उत्थान और विकास की नई दिशा को लेकर अपने विचार रखे। समिति के अध्यक्ष मंटू तिवारी ने आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। शोभायात्रा कार्यक्रम आयोजन को सफल बनाने में नगर पालिका बोदरी ने पानी व्यवस्था, सफाई कार्य एवं चलित शौचालय की व्यवस्था की। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था में थाना प्रभारी उत्तम साहू, आरक्षक योगेन्द्र खूंटे, सतपुरन जांगड़े सहित पुलिस विभाग ने सहयोग किया।

# थाना परिसर में सामुदायिक शौचालय का भूमिपूजन

- राहगीरों को मिलेगी सुविधा, स्वच्छता का रखा जाएगा ख्याल



**सीपत।** प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव-गांव में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय लोगों को स्वच्छता और सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को सीपत थाना परिसर में टीआई गोपाल सतपथी की उपस्थिति में सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने सभी पंचों के साथ मिलकर सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि सीपत लगातार विकास की नई इबारत लिख रहा है। जनभावनाओं का ख्याल रखते हुए सभी जरूरी काम किए जा रहे हैं। वहीं स्वच्छता और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए इस सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य कराया जा रहा हैं, जिससे थाना परिसर में आने वाले फरियादियों को सुविधा मिलेगी। साथ ही परिसर में स्वच्छता बनी रहेगी। सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने कहा कि थाना परिसर में सामुदायिक शौचालय निर्माण एक सराहनीय पहल है, जो स्थानीय समुदाय के लिए स्वच्छता और सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक कदम है। टीआई ने इस सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि उक्त निर्माण कार्य नगरवासियों के साथ साथ क्षेत्रवासियों के लिए भी सुविधा की सौगात है। इस दौरान सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, जनपद सदस्य मनोज खरे, उपसरपंच प्रतिनिधि शशिकांत साहू, संदीप खरे, पंच प्रदीप पांडेय, हरीश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, लच्छी वर्मा, गोपीचंद वर्मा, पोषण सत्यार्थी, दीपक यादव, सुमित जायसवाल, अमित धीवर, अमन यादव, वीरेंद्र सूर्या, गौतम खरे, नागेश वर्मा, संतोष सिदार, नरेश सूर्यवंशी, एएसआई सहेत्तर कुर्रे, आरक्षक प्रकाश जगत सहित पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## आपसी विवाद पर युवक के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** आपसी विवाद को लेकर एक युवक ने अन्य युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। जानकारी के अनुसार कोड़ासर निवासी ओमप्रकाश साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 30 अप्रैल को बारात गया हुआ था। वह बारात से वापस आते समय उदल से उसका विवाद हो गया। जब सुबह वह घर पहुंचा तो आरोपी निखिल साहू और उदय यादव ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 3,5 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

# नीट प्री मॉक टेस्ट में शामिल हुए 40 परीक्षार्थी



नीट प्री मॉक टेस्ट में शामिल परीक्षार्थी।

**मुंगेली।** डॉ भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ से संबद्ध डॉ ब्रॉस मास्टर की एकेडमी की ओर से मुंगेली, बेमेतरा, कबीरधाम आदि जिले के नीट, जेईई, बीएससी नर्सिंग, सीयूईटी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले कुल 53 छात्रों के लिए पांचवी बार 45 दिवसीय निशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग का आयोजन किया गया।

डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी की गाइडलाइन के अनुसार सुबह 11 से 2 बजे तक नीट प्री-मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व प्रवेश द्वार पर सुबह 9 बजे से ही कोचिंग टीम ने आधार कार्ड, प्रवेश पत्र एवं फोटो की जांच की। साथ ही परीक्षार्थियों को सेनेटाइज किया गया एवं मास्क वितरण के पश्चात परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। निर्धारित समय अनुसार प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट के पैकेट को सीनियर डायरेक्टर राजेन्द्र दिवाकर, केन्द्राध्यक्ष आशा दिवाकर एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष सह उपप्राचार्य छत्रपाल डाहिरे द्वारा खोला गया। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र एवं ओएमआर सीट वितरित की गई। परीक्षा के दौरान आब्जर्वर प्रादेशिक सचिव एवं व्यवस्थापक एचआर भास्कर, यतेन्द्र भास्कर सहायक विखं शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। परीक्षा उपरांत परीक्षार्थियों से ओएमआर सीट की मूल प्रति एकत्रित कर कार्बन प्रति वापस दी गई। परीक्षा समाप्त होते ही उत्तर पुस्तिका जारी की गई। परीक्षा पश्चात छात्रों से फीडबैक भी लिया गया, मॉक टेस्ट के प्रति परीक्षार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था नीचे बड़े हॉल में की गई, जिसमें 53 परीक्षार्थियों में से 40 उपस्थित रहे। उक्त टेस्ट के आयोजन में वीक्षक का कार्य प्रेमचंद टंडन, पूनम बैस ने किया। कोचिंग, प्रशिक्षण, प्रश्न पत्र एवं परीक्षा व्यवस्था आदि की तैयारी करने में कोचिंग टीम के सदस्यों पदमनी रात्रे, श्री साहू, पूनम बैस, नरेश कुमार, अनित साहू का विशेष योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### माता दर्शन कर लौट रहे युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** सोलापुरी दर्शन कर लौट रहे युवक से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, तारबाहर निवासी अभिषेक पिता विकास 2 मई की रात 11 बजे दोस्त के साथ सोलापुरी माता दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान 12 खोली चौक के पास प्रिंस व भूरू खांडे साइकिल से आकर पीछे से अभिषेक का टक्कर मार दिया। उसने देखकर साइकिल चलाने को कहा तो दोनों युवकों ने उसके साथ गाली गलौज कर चाकू से हमला कर दिया है। उनके सीने व हाथ में चोंट आई है। पुलिस ने अभिषेक की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 118, 1, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अवैध शराब बेचते दो कोचिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कोटा में अवैध रूप से शराब बेचने वाले दो कोचियों को पकड़ लिया है। उनके पास से भारी मात्रा में शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। कोटा थाना प्रभारी आईपीएस सुमित कुमार ने मुखबिर की सूचना पर डाक बंगला करगीरोड कोटा निवासी चंद्रमोहन साहू उर्फ छोटू पिता संतोष साहू 28 साल को पकड़कर उसके पास से 48 नग देशी शराब व 52 नग अंग्रेजी शराब व पुरानी बस्ती निवासी शिवचरण श्रीवास पिता मदनलाल 48 साल को पकड़कर 18 नग देशी शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने शराब जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### सूने मकान व दुकान में चोरों का धावा

**बिलासपुर।** चोरों ने सूने मकान व दुकान में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर, नकद रकम व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, खमतराई प्रतिक्षा विहार कालोनी निवासी अजय साहू पिता भरत लाल साहू 2 मई की रात 11.45 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर पत्नी को डिलवरी पेन होने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल चले गए थे। 3 मई की सुबह 6 बजे घर आए तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी से सोने का लाकेट, मंगलसूत्र, फुल्ली, दो जोड़ी पायल, बाजूबंद, बिछिया व पर्स में रखा 5 हजार रुपए चोरी हो गई थी। पुलिस अपराध कायम कर चोरों के पतासाजी में जुट गई है। दूसरी घटना में सिरगिट्टी के ग्राम बसिया ठाकुर देवता चौक निवासी मुकेश यादव के किराना दुकान के छत का एम्बेस्टर शीट उखाड़कर खाद्य सामाग्री व 15 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### तोरवा क्षेत्र में सट्टा खिलाते 3 सटोरिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** तोरवा क्षेत्र में सट्टा खिलाते 3 सटोरियों को पुलिस गिरफ्तार कर मुचलका जमानत में छोड़ दिया है। मुख्य खाईवालों पर कार्रवाई नहीं की गई है। तोरवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवारी बाजार नष्टी भवानी मंदिर के पास दबिश देकर सट्टा खिलाते सुनील कुमार रागडे पिता स्व. शिव रागडे 33 साल संजय नगर अकलतरा निवासी को पकड़ लिया। इसी तरह गुम्बर पेट्रोल पंप के पास से राजकुमार वर्मा पिता गणेश वर्मा 42 साल तोरवा निवासी व चंद्रप्रकाश यादव पिता स्व. नरेन्द्र यादव 30 साल तोरवा बोलबम चौक निवासी को पकड़ लिया है। तीनों सटोरियों के पास से सट्टापट्टी व 8 हजार 60 रुपए जब्त किया गया है।

**जर्जर भवन में संचालित हो रहा कार्यालय** | शहरवासियों को करना होगा अभी लंबा इंतजार, नया भवन कहां बनना है फिलहाल तय नहीं

# स्थल चयन के अभाव में लटका तहसील के नए भवन का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तहसील के नए भवन के लिए अब तक स्थल का चयन नहीं हो पाने के कारण फिलहाल इसका निर्माण ठंडे बस्ते में नजर आ रहा है। पूर्व में नए भवन का निर्माण कोनी में प्रस्तावित था, लेकिन अधिवक्ताओं के विरोध के बाद इस पूरी प्रक्रिया पर विराम लगा हुआ है। ऐसी स्थिति में तहसील का कामकाज पुरानी और जर्जर हो चुकी बिल्डिंग में ही चलाना पड़ेगा।

तहसील की नई बिल्डिंग के लिए शहरवासियों, तहसील में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों और अधिवक्ताओं को अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा। सरकार से बजट में नए भवन के निर्माण के लिए स्वीकृति तो भले ही मिल चुकी है, लेकिन ये भवन कहां बनना है, ये फिलहाल न तो तय है और न ही चर्चा में है। ऐसी स्थिति में फिलहाल इसका निर्माण अधर में नजर आ रहा है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार भवन के स्थल का अंतिम चयन किए बगैर नई बिल्डिंग के निर्माण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जा सकती है। स्थल चयन के पश्चात ही इसका विस्तृत प्राक्कलन तैयार की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

इधर तहसील के पुराने भवन में अपने आवश्यक कार्यों को लेकर आने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी तो हो रही है, लेकिन न तो इस अनुपात में वाहनों के रखने की जगह है और न ही यहां आने वालों के बैठने की। इधर तहसील में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को भी जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पहुंच चुके भवन में ही बैठकर अपना काम निपटाना पड़ रहा है।

भवन में एसडीएम, एक तहसीलदार व पांच नायब तहसीलदारों के अलावा कर्मचारियों के लिए कक्ष की व्यवस्था है। इधर वाहन स्टैण्ड के करीब रिकार्ड रूम व लोक सेवा केंद्र के लिए कमरे की व्यवस्था है। इसी के करीब आरआई व पटवारियों के भी बैठने का स्थान तय है। इधर परिसर में ही अधिवक्ताओं के बैठने के लिए शेड की व्यवस्था है, लेकिन गर्मी के दिनों में यह स्थान बैठकर काम करने के अनुकूल नहीं रहता।






नेहरू चौक स्थित तहसील का मुख्य द्वार और पीछे का जर्जर हिस्सा।

### जल्द ही कार्रवाई करेंगे

यह विषय फिलहाल संज्ञान में नहीं आया है। इस सबंध में जल्द ही आवश्यक चर्चा कर जानकारी लेते हुए अगली कार्रवाई करेंगे।

**संजय अग्रवाल,** कलेक्टर बिलासपुर

### स्थल चयन होते ही प्राक्कलन भेजा जाएगा

नई बिल्डिंग के लिए बजट में स्वीकृति तो मिली है, लेकिन अब तक स्थल चयन नहीं हो पाने के कारण फिलहाल इसकी प्रक्रिया लंबित है। स्थल चयन होते ही इसका विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर भेजा जाएगा।

**-सीएस विंध्यराज,** ईई पीडब्ल्यूडी डिवीजन क्रमांक 1

2 घंटे सिम्स में रहे नवपदस्थ कलेक्टर संजय अग्रवाल

# जहां रूकी कलेक्टर की गाड़ी वहीं भरा था ड्रेनेज का पानी

**व्यवस्था सुधारने की दी हिदायत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नव पदस्थ कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सिम्स का औचक निरीक्षण किया। वे सुबह 9 बजे के करीब सिम्स पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर की कार आपातकालीन वार्ड के चैनल गेट के पास रूकी, इसके ठीक पीछे ड्रेनेज का पानी जाम था, जिसे लेकर कलेक्टर ने व्यवस्था को दुरूस्त करने की बात कही। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से बातचीत करते हुए संभाग के सबसे बड़े अस्पताल को बेहतर बनाने के लिए काम करने की नसीहत दी। कलेक्टर की फटकार के बाद दोपहर 2 बजे तक सिम्स के सफाई कर्मचारी अलग-अलग हिस्से की सफाई करते रहे।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सिम्स प्रबंधन को मरीजों के हित में कई निर्देश दिए। सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि बारिश के पहले ड्रेनेज व्यवस्था को सुधार लिया जाए। इस दौरान सीजीएमएससी, नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद कलेक्टर एमआरडी स्थित काउंटर पर गए और मरीजों द्वारा लाइन लगने पर कहा कि बैठक व्यवस्था होने के बाद भी लाइन लगाई गई है, ऐसे में कर्मचारियों को मरीज के पास बैठकर उनकी आभा आईडी बनवाई जाए और कोड स्कैनर के जरिए आभा एप इंस्टाल कराया जाए। इस दौरान निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अस्पताल अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के नोडल डॉ. बीपी सिंह, डॉ. भूपेंद्र कश्यप उपस्थित रहे।



सिम्स हास्पिटल कंपाउंड में बहता ड्रेनेज का पानी।

### सीजीएमएससी के अधिकारियों को फटकारा

कैजुअल्टी वार्ड के एचडीयू यूनिट पर चल रहे निर्माण कार्य को लेकर सीजीएमएससी के अधिकारियों को बुलाया और जल्द से जल्द काम खत्म करने की हिदायत दी। कलेक्टर प्रथम तल के गायनिक वार्ड पहुंचे, जहां मरीज के परिजन खड़े हुए मिले, कलेक्टर ने परिजनों के लिए बैठने की व्यवस्था सुधारने के लिए कहा, साथ ही दूर दराज से आए परिजनों के सामानों को व्यवस्था रखने की जगह देने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट में डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए उच्च स्तर पर शासन से बातचीत करने की बात कही।



डॉक्टरों से चर्चा करते कलेक्टर संजय अग्रवाल।

### शिशुरोग विभाग को सौंपे गए उपकरण

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सीएसआर द्वारा सिम्स के शिशुरोग विभाग को एक करोड़ रुपए की मेडिकल उपकरण सौंपे। इस दौरान 7 वेंटिलेटर मशीन, 6 फोटोथैरेपी मशीन, 3 स्ट्रेलाईजर, 3 ऑटोक्लेव मशीन, 2 बिलरूबीनोमीटर, 10 कील बैरो जैसी मशीने शामिल है।

### 20 लाख की सफाई मशीन कंडम

खास बात यह है कि सालों से एसईसीएल के सीएसआर मद से मिली 20 लाख की मशीन कंडम हालत में है, यह मशीन आटोमेटिक फर्श की सफाई करने के लिए उपयुक्त है, लेकिन प्रबंधन ने महज एक आपरेटर नहीं मिलने के चलते इसे बंद कर दिया था तब से यह मशीन बंद पड़ी हुई है।

### 52 लाख रूपए सफाई में हो चुके खर्च

हाईकोर्ट के संज्ञान लेने के बाद नगर निगम, पीडब्ल्यूडी ने सफाई की व्यवस्था सुधारी और ड्रेनेज को बेहतर किया, लेकिन इसके बावजूद कई बार सिम्स के बाहरी हिस्से में ड्रेनेज जाम होने की नौबत आ जाती है। इसी प्रकार दोनों एजेंसियों को टायलेट को सुधारने की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें भी 52 लाख रूपए खर्च कर दिए गए हैं। साल भर से चल रहे सफाई और निर्माण कार्य के बाद सिम्स में व्यवस्था सुधरी है, लेकिन अभी भी कई जगहों पर गुंजाइश है, जिसे लेकर कलेक्टर से व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं।




आरोपी डॉक्टर को पूछताछ करने के लिए अपोलो लेकर पहुंची पुलिस।

## फर्जी डॉक्टर नहीं बता पा रहा कहां है डिग्री, दो दिन और बढ़ी पुलिस रिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिमांड समाप्त होने पर पुलिस ने अपोलो हास्पिटल के फर्जी डाक्टर नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव को कोर्ट में पेश किया। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पुलिस ने रिमांड अवधि बढ़ाने की मांग की, मामले की गंभीरता को देखते कोर्ट ने उसे दो दिन के पुलिस रिमांड में सौंप दिया है। पूछताछ में फर्जी डाक्टर डिग्री कहां है, यह नहीं बता रहा है।

दमोह जेल में बंद अपोलो हास्पिटल के फर्जी डाक्टर नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव को शुक्रवार को पुलिस शहर लेकर आई थी, जिस पर सरकण्डा पुलिस ने 2 अगस्त 2006 में हुई पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक पंडित स्व. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला के मौत के मामले में अपराध दर्ज किया था तथा गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में पेश कर एक दिन की पुलिस रिमांड में लिया था। इस दौरान पुलिस टीम ने डाक्टर से उसकी डिग्री के संबंध में पूछताछ की। डाक्टर यादव ने बताया कि उसने नार्थ बंगाल मेडिकल कालेज दार्जिलिंग से एमबीबीएस की पढ़ाई की है और यूके से एमआरसीपी की डिग्री ली है, परन्तु वह डिग्री कहां है, यह जानकारी नहीं दे पाया। पुलिस उससे पूछताछ कर डिग्री बरामद करने के कोशिश में लगी हुई है। शनिवार को रिमांड समाप्त होने पर सरकण्डा पुलिस ने फर्जी डाक्टर यादव को कोर्ट में पेश कर डिग्री के संबंध में फिर से पूछताछ करने पुलिस रिमांड की मांग की है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 2 दिन की रिमांड में फर्जी डाक्टर यादव को पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस की टीम उससे डिग्री के संबंध में पूछताछ कर रही है। ज्ञात हो कि पुलिस पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला की मौत के अलावा तोरवा निवासी स्व. भगतराम डोडेजा की मौत की भी जांच कर रही है।

### ले जाया गया अपोलो हास्पिटल

जांच टीम फर्जी डाक्टर नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव को जांच के अपोलो हास्पिटल ले गई, यहां उसने बताया कि कहां बैठकर वह मरीजों की जांच करता था और कहां उसके द्वारा एंजियोग्राफी की जाती थी। पुलिस ने उसके द्वारा गए स्थानों का पंचनामा तैयार किया है।

### रिमांड बढ़ी है

फर्जी डाक्टर पूछताछ में डिग्री की जानकारी नहीं दे रहा है। उसे दो दिन के और पुलिस रिमांड में लिया गया है। डाक्टर ने एमबीबीएस व एमआरसीपी की पढ़ाई करने की जानकारी दी है, यह भी बताया है कि उसने किन हास्पिटल में काम किया है। सभी संस्थानों से दस्तावेज की मांग की जाएगी।

**-निलेश पाण्डेय,** सरकण्डा टीआई

## संजू त्रिपाठी व ओडिशा के एक युवक से खरीदा था पिस्टल व जिंदा कारतूस

**बिलासपुर।** तीन पिस्टल, 26 जिंदा कारतूस व प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ पकड़े गए आदतन बदमाश शीबू ने पूछताछ में पुलिस को मृतक आदतन बदमाश संजू त्रिपाठी व ओडिशा के एक युवक से पिस्टल व जिंदा कारतूस खरीदने की जानकारी दी है। रिमांड समाप्त होने पर शनिवार को उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। गुरूवार को सिविल लाइन पुलिस ने महाराणा प्रताप चौक के पास से राजीव गांधी चौक निवासी आदतन बदमाश शहबाज हुसैन उर्फ शीबू पिता अमीन इकबाल 40 साल को कार सहित पकड़कर उसके पास से लोडेड तीन पिस्टल, 26 जिंदा कारतूस व 30 नग प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया था। पुलिस उसे एक दिन की रिमांड में लेकर पूछताछ की। उसने जब्त पिस्टल व जिंदा कारतूस के संबंध में चौकाने वाला खुलासा किया है। टीआई एसआर साहू ने बताया है वह पूर्व में जरहाभाठा जैकब चाल में मृतक आदतन बदमाश संजू त्रिपाठी के साथ रह रहा था। उसी दौरान उसने संजू त्रिपाठी से पिस्टल व जिंदा कारतूस व ओडिशा में मौसेरे भाई के माध्यम से एक युवक से पिस्टल व जिंदा कारतूस खरीदा था। पुलिस ने ओडिशा में पतासाजी की तो पता चला कि पिस्टल बेचने वाले युवक की मृत्यु हो गई है।

- **पुलिस रिमांड के बाद आरोपी शीबू गया जेल**

### जहर खाने व फांसी लगाने से दो की मौत

**बिलासपुर।** जहर सेवन व फांसी लगाकर दो लोगों ने आत्महत्या कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। तोरवा टीआई अभय बैस ने बताया, तोरवा बस्ती निवासी मनीष निर्मलकर ने जहर सेवन कर लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। दूसरी घटना में हेमूनगर अटल आवास निवासी दीपक निषाद शनिवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। दोनों मामले में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

## आफिस में घुसकर युवक से मारपीट

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर आफिस में घुसकर युवक से मारपीट कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदुदण्ड 27 खोली निवासी राजेश गुप्ता पिता राम स्वरूप गुप्ता मंगला चौक में अरमान ट्रेवल्स चलाते है।

2 मई को शाम 4 बजे अतुल गुप्ता उनके आफिस में घुसकर शराब पीने के लिए 2 हजार रुपए मांगने लगा। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो अतुल ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से जमकर मारपीट कर दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर अतुल गुप्ता के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

- **शराब पीने के लिए मांग रहा था पैसा**

## गाज गिरने से नाबालिग की मौत, एक घायल

**बिलासपुर।** तूफान में आम बीनने गए दो नाबालिगों पर गाज गिर गई। हादसे में एक नाबालिग की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से झुलस गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, ग्राम भरवाडीह निवासी योगेश यादव पिता कालीचरण यादव 16 साल व तखतपुर हरदी निवासी कुलदीप साहू पिता चंद्रशेखर साहू 14 साल शनिवार को दोपहर 2.30 बजे तेज तूफान और बारिश होने पर गांव में लगे आम के पेड़ के नीचे गिरे हुए आम बीन रहे थे। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली आम के पेड़ पर गिरी, जिसकी चपेट में आने से योगेश यादव और कुलदीप साहू गंभीर रूप से झुलस गए।

ग्रामीणों दोनों को इलाज के लिए रतनपुर अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद योगेश यादव को मृत घोषित कर दिया है। वहीं कुलदीप साहू को इलाज चल रहा है।



### फ्लेक्स से टकराई बाइक व्यावसायी की मौत

सीपत चौक के पास सड़क किनारे लगे फ्लेक्स से टकराने से शुक्रवार तड़के एक युवक शुभम मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका साथी घायल हो गया। सरकंडा थाना प्रभारी निलेश पांडेय ने बताया कि शुभम मिश्रा गुरुवार रात एक कार्यक्रम में शामिल होकर अपने दोस्त के साथ घर लौट रहे थे। रात करीब दो बजे जैसे ही वे सीपत चौक पहुंचे, तभी उनकी बाइक का हेंडल सड़क किनारे लगे फ्लेक्स से टकरा गया। इससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में शुभम का सिर डिवाइडर से टकराया और गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

